वर्ष 24, अंक 222, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 20 फरवरी 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत एआई क्रांति का केवल हिस्सा नहीं

## वह इसका नेतृत्व कर रहा है-एआई समिट में बोले प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की पहुंच सभी तक होनी चाहिए और इसे खासकर 'ग्लोबल साउथ' के लिए इंक्लूसिव और एंपावरमेंट का साधन बनाया जाना चाहिए। 'ग्लोबल साउथ' से मतलब उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, अल्प विकसित अथवा अविकसित माना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं।

भारत एआई क्रांति का केवल हिस्सा नहीं है, बल्कि वह इसका नेतृत्व कर रहा है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह एआई प्रदर्शनी भारत में हो रही है, जो मानवता के छठे हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है और जो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभा के सबसे बड़े भंडार का केंद्र है। उन्होंने शिखर सम्मेलन में विश्व के नेताओं और अग्रणी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की उपस्थिति में कहा, "आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मानव इतिहास में एक परिवर्तनकारी अध्याय है। भारत एआई क्रांति का केवल हिस्सा नहीं है, बल्कि वह इसका नेतृत्व कर रहा है और इसे आकार भी दे रहा है।"

युवा पीढ़ी में एआई को लेकर अभूतपूर्व उत्साह- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी बनाता है बल्कि उसे अभूतपूर्व गति से अपनाता भी है। उन्होंने कहा, "कुछ लोगों को नयी प्रौद्योगिकी को लेकर संदेह है लेकिन युवा पीढ़ी एआई को जिस तरह अपना रही है, वह अभूतपूर्व है। एआई शिखर सम्मेलन की प्रदर्शनी को लेकर भी यहां जबरदस्त उत्साह रहा है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मानव इतिहास में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ रहे हैं जिन्होंने सदियों को आकार दिया। इन मोड़ ने सभ्यता की दिशा तय की और विकास की रफ्तार को बदल दिया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इतिहास में ऐसा ही एक परिवर्तन है।"

दुनियाभर के शीर्ष नेता समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत में मौजूद

भारत मंडपम में आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले दुनियाभर के नेताओं में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेई प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्ले, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो शामिल हैं।






## डीपफेक और चाइल्ड सेफ्टी पर बोले पीएम मोदी, कहा- और ज्यादा विजिलेंट होने की जरूरत

पीएम मोदी ने डीपफेक से लेकर चाइल्ड सेफ्टी को लेकर सवाल उठाए हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े एआई इवेंट में पीएम मोदी ने दुनिया के शीर्ष नेताओं और ग्लोबल टेक लीडर्स को एआई सेफ्टी को लेकर साथ आने के लिए कहा है। उन्होंने डीपफेक, फेब्रिकेटेड कंटेंट और चाइल्ट सेफ्टी को लेकर विजिलेंट होने की नसीहत दी है। पिछले दिनों केंद्रीय आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने भी एआई मॉडल्स की ट्रेनिंग और डीपफेक कंटेंट पर सवाल उठाए थे।

डीपफेक की वजह से सोसाइटी हो रही प्रभावित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक केस्रूंइ र४३ को संबोधित करते हुए कहा कि डीपफेक और फेब्रिकेटेड कंटेंट की वजह से समाज प्रभावित हो रहे हैं। इस तरह के कंटेंट के लिए वाटरमार्किंग और क्लियर सोर्स स्टैंडर्ड सेट करने की जरूरत है। इसके अलावा वो ऑनलाइन चाइल्ड सेफ्टी को लेकर भी और ज्यादा विजिलेंट होने की बात की है। नई दिल्ली में आयोजित इस एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया के लीडर्स के साथ-साथ टेक जगत की बड़ी हस्तियां भाग ले रहे हैं। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन समेत एआई इंडस्ट्री के दिग्गज भारत आ चुके हैं।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि कुछ लोगों को नई टेक्नोलॉजी पर संदेह है लेकिन युवा पीढ़ी इसे हाथों-हाथ अपना रही है, जो अभूतपूर्व है। एआई इस मानव इतिहास में एक परिवर्तनकारी अध्याय है। भारत इस एआई क्रांति का केवल हिस्सा नहीं है, बल्कि वह इसका नेतृत्व भी कर रहा है और आकार भी तय कर रहा है। एआई समिट में केंद्रीय आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने भी डीपफेक को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि डीपफेक की वजह से लोगों का भरोसा खत्म हो रहा है।

20 फरवरी से लागू हो रहे डीपफेक के नए नियम

डीपफेक और फेब्रिकेटेड कंटेंट को लेकर सरकार ने पिछले दिनों नए नियम जारी कर दिए हैं। ये नियम 20 फरवरी यानी कल से लागू हो जाएंगे। इसमें इंटरनेट पर सिंथेटिकली जेनरेटेड इंफॉर्मेशन यानी रऋ कंटेंट को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट पर शेयर करते समय लेबलिंग अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि लोगों के लिए एआई जेनरेटेड कंटेंट और वास्तविक कंटेंट की पहचान करना आसान हो जाए।

## चुनाव आयोग ने कसी कमर, महाराष्ट्र समेत 23 राज्यों में अप्रैल' से शुरू होगा वोटर जिस्ट का मेगा रिवीजन



**नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने संकेत दिया है कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित शेष 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को सूचित किया कि उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा कर लेना चाहिए।

एसआईआर निम्नलिखित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में किया जाना है

आंध्र प्रदेश<br>
अरुणाचल प्रदेश<br>
चंडीगढ़<br>
दादरा और नगर हवेली<br>
दमन और दीव<br>
हरयाणा<br>
हिमाचल प्रदेश<br>
जम्मू और कश्मीर<br>
झारखंड<br>
कर्नाटक<br>
लद्दाख<br>
महाराष्ट्र<br>
मणिपुर<br>
मेघालय<br>
मिजोरम<br>
नगालैंड<br>
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली<br>
ओडिशा<br>
पंजाब<br>
सिक्किम<br>
त्रिपुरा<br>
तेलंगाना<br>
उत्तराखंड।

## प्रियंका गांधी एक्शन में कांग्रेस फरवरी अंत तक जारी करेगी उम्मीदवारों की पहली सूची

**असम**

**कांग्रेस** ने असम विधानसभा चुनावों के लिए आंतरिक समयसीमा तय कर ली है। मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की उम्मीद है, और पार्टी की राज्य इकाई का कहना है कि उम्मीदवारों की पहली सूची फरवरी के अंत तक जारी कर दी जाएगी, जिसके बाद मार्च की शुरुआत तक लगभग 80 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाएंगे।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने समयसीमा का ब्यौरा दिया।

## विशाखापत्तनम में भारत का शक्ति प्रदर्शन- ये दुनिया का भरोसा




**आंध्र प्रदेश**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में मिलान-2026 अभ्यास के 13वें संस्करण का उद्घाटन किया, जो इस प्रमुख बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास की शुरूआत का प्रतीक है। उद्घाटन के दौरान, रक्षा मंत्री ने 74 देशों के विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मिलान 2026 अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी संस्करण है। उन्होंने कहा कि यह संस्करण भारत को एक विश्वसनीय और जिम्मेदार समुद्री साझेदार के रूप में वैश्विक समुद्री समुदाय के भरोसे को दशार्ता है।

सिंह ने कहा कि इस वर्ष, 74 देशों की भागीदारी के साथ, मिलान 2026 अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी संस्करण है, जो भारत को एक विश्वसनीय और जिम्मेदार समुद्री साझेदार के रूप में वैश्विक समुद्री समुदाय के भरोसे का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने आगे बताया कि यह प्रमुख बहुपक्षीय मंच भागीदार देशों के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि पेशेवर अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके, इस अभ्यास का उद्देश्य दक्षता में सुधार करना और पारस्परिक लाभ पर आधारित संबंधों के विकास के माध्यम से भागीदार नौसेनाओं के बीच मित्रता को गहरा करना है।

सिंह ने कहा कि मिलान 2026 का उद्देश्य भागीदार देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ाना, पेशेवर अनुभवों और प्रथाओं को साझा करके पेशेवर दक्षता में सुधार करना और पारस्परिक लाभ के संबंधों के विकास के माध्यम से भागीदार नौसेनाओं के बीच मित्रता को गहरा करना है। सभा को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि मिलान का दायरा और प्रतिष्ठा दोनों में लगातार वृद्धि हुई है।

## उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को दिया तगड़ा झटका

### शिंदे से हुई मुलाकात के बाद ही लिया बड़ा फैसला



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे की मुलाकात को लेकर जारी चर्चा के बीच उद्धव ठाकरे ने बड़ा फैसला लिया है. शिवसेना ने मनोनीत नगरसेवकों के नामों पर मुहर लगा दी है. साईनाथ दुर्गे, माधुरी मांजरेकर और कैलाश पाठक इन तीन नामों को मंजूरी दे दी गई है. सूत्रों के मुताबिक, राज ठाकरे और शिंदे की मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने यह फैसला तत्काल लिया है.

MNS की ओर से यशवंत किल्लेदार ने उद्धव सेना के तीन मनोनीत नगरसेवकों के कोटे में से एक नगरसेवक टठर को देने की उम्मीद जताई थी. राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे से एक मनोनीत पार्षद की मांग की थी. राजनीतिक गलियारों ऐसी चर्चा है कि तीनों स्वीकृत नगरसेवकों के नाम तय कर उद्धव ठाकरे ने टठर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है. 28 फरवरी को स्वीकृत नगरसेवकों के नामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी.

इटउ चुनाव के बाद शिंदे और राज ठाकरे की पहली मुलाकात

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार (18 फरवरी) को मुंबई में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आधिकारिक निवास 'नंदनवन' में उनसे मुलाकात की थी. बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच कई मसलों को लेकर चर्चा हुई है।

## दिल्ली में अब सिर्फ 5रू में भरपेट भोजन



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में नए अटल कैंटीनों का उद्घाटन किया, जो प्रतिदिन लगभग 70,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मंत्री आशीष सूद और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ मिलकर शहर भर के निवासियों को किफायती भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन कैंटीनों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए अटल कैंटीनों का शुभारंभ राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए खुशी का क्षण है, जिनसे प्रतिदिन लगभग 70,000 लोगों को भोजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार कर रही है और बताया कि अब तक शहर भर में 70 अटल कैंटीन स्थापित हो चुकी हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि यह दिल्लीवासियों के लिए खुशी का क्षण है। इन अटल कैंटीनों में प्रतिदिन 70 हजार लोगों को भोजन मिलेगा। हम अटल जी के सपने को साकार कर रहे हैं और दिल्ली में सरकार का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं। हमने दिल्ली भर में 70 अटल कैंटीन स्थापित की हैं। यह हमारे लिए एक शानदार अनुभव है। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि नई शुरू की गई कैंटीनों में मात्र 5 रुपये में किफायती भोजन उपलब्ध होगा, जिससे मजदूरों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब तक 70 कैंटीन खोली जा चुकी हैं और भविष्य में और भी खोलने की योजना है। सक्सेना ने पत्रकारों से कहा कि सिर्फ 5 रुपये में भोजन का आनंद लिया जा सकता है। जो बहुत अच्छी बात है। 70 कैंटीन खोली जा चुकी हैं और भविष्य में और भी खोलने की योजना है। इस पहल से उन मजदूरों और गरीबों को काफी राहत मिलेगी जिनके कार्यस्थलों के पास भोजन की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं है।

## सीएम योगी से मिले मोहन भागवत, चुनावी रणनीति पर चर्चा!



**लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत से मुलाकात की, जो दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ में हैं। निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुई यह मुलाकात 40 मिनट तक चली। मुलाकात का एजेंडा गुप्त रखा गया है। हालांकि, विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण भगवत का राज्य का यह नियमित दौरा महत्वपूर्ण है। इससे पहले वे आरएसएस के शताब्दी समारोह के तहत मथुरा और गोरखपुर में थे।

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान भगवत ने हिंदू आबादी में गिरावट, धर्मांतरण और हिंदू एकता के आह्वान जैसे मुद्दों पर बात की। आरएसएस नेता का दौरा इसी संदेश के साथ समाप्त हुआ। सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ और मोहन भगवत के बातचीत में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के पीडीए (ढऊअ) फॉमूर्लेशन और यूजीसी विनियम, 2026 के देशव्यापी विवाद के इर्द-गिर्द घूमती रही। ऐसी अटकलें हैं कि मुख्यमंत्री ने आरएसएस प्रमुख को यूजीसी विनियमों और 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी पर इसके संभावित प्रभावों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की होगी, यदि इन विनियमों का उचित समाधान नहीं किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाए गए नए नियमों पर रोक लगा दी थी। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, संगठन की मजबूती और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति, संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने तथा सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय पर भी विचार-विमर्श हुआ।

उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, खासकर 2024 के आम चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन में भारी गिरावट के बाद। इसलिए, अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में इस बैठक को राजनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना गया। यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं बल्कि राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस बात की संभावना अब तेज हो गई है कि आने वाले कुछ महीनों में उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के सिलसिले में देशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और उनकी रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। हालांकि, भागवत द्वारा लगातार हिंदू एकता पर जोर दिए जाने के मद्देनजर इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह मुख्यमंत्री के हालिया भाषणों के सुर से मेल खाता है जिनमें उन्होंने प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के ह्यपीडीए अभियानह्ण का जिक्र किया है। भागवत जनवरी में 10 दिन के दौरे पर मथुरा गए थे। इसी महीने वह फिर उत्तर प्रदेश आए और अपने कार्यक्रम की शुरूआत गोरखपुर के तीन दिवसीय दौरे से की, जिसके बाद वह लखनऊ पहुंचे।

# राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी में डिजिटल क्रांति की तैयारी, 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' से जोड़ी जाएगी सेवा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर की ऐतिहासिक राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और आयवृद्धि के नए स्रोत विकसित करने की दिशा में अहम फैसले लिए गए हैं। बुधवार को मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में पुस्तकालय के संसाधनों के विस्तार, डिजिटलीकरण और भवन अनुरक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई।



डिजिटल रेपोजिटरी होगी आमजन के लिए सुलभ बैठक में पुस्तकालय की डिजिटल रेपोजिटरी को सक्रिय कर आमजन के लिए उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इसे भारत सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह योजना एक जनवरी 2025 से लागू है और देश के 6,300 से अधिक सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों को 30 प्रमुख प्रकाशकों के 13,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध जर्नल और लेख निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। समिति ने तय किया कि डिजिटल सामग्री का अवलोकन निशुल्क रहेगा, जबकि पांडुलिपियों और दुर्लभ समाचार पत्रों की डिजिटल प्रतियां डाउनलोड करने पर निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। इससे शोधार्थियों को सुविधा मिलने के साथ पुस्तकालय की आय में भी वृद्धि होगी। दुर्लभ दस्तावेजों के डिजिटलीकरण का प्रस्ताव दुर्लभ समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के व्यापक डिजिटलीकरण के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर संस्कृति निदेशक को भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही वित्तीय और तकनीकी सहयोग के अन्य स्रोतों की तलाश कर ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया। इस संबंध में 15 दिन बाद प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### रिक्त पदों पर बनेगी उच्चस्तरीय समिति

पुस्तकालय में रिक्त पदों को भरने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों, पुस्तकालय प्रशासन और विषय विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाएगी। यह समिति शासन को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करेगी, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यक्षमता को सुदृढ़ किया जा सके।

### सांस्कृतिक गतिविधियों से बढ़ेगी आय

आय बढ़ाने के उद्देश्य से व्याख्यानमाला, साहित्यिक गोष्ठी, पुस्तक प्रदर्शनी और पाठक सहभागिता आधारित कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय समेत अन्य संस्थानों के साथ संयुक्त सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन का सुझाव दिया गया, ताकि पुस्तकालय को एक सक्रिय ज्ञान एवं संवाद केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

### हेरिटेज भवन के संरक्षण पर जोर

बैठक में पुस्तकालय भवन के अनुरक्षण को भी प्राथमिकता दी गई। मुख्य हाल की छत में हो रहे पानी के रिसाव को देखते हुए निर्देश दिए गए कि मरम्मत कार्य ऐसी एजेंसियों से कराया जाए जिन्हें हेरिटेज भवनों के संरक्षण का अनुभव हो। साथ ही केंद्रीय लोक निर्माण विभाग और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से तकनीकी मार्गदर्शन लेने का भी सुझाव दिया गया।गौरतलब है कि वर्ष 1864 में स्थापित यह पुस्तकालय लगभग डेढ़ सौ वर्षों से शहर की शैक्षिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र रहा है। प्रदेश की इकलौती श्रेणी-5 लाइब्रेरी के रूप में इसकी पहचान है और आज भी यह शोधार्थियों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान-स्रोत बना हुआ है।

# मांडा-कोरांव मुख्य मार्ग पर बाइक सवार गंभीर घायल

## अनियंत्रित होकर गिरा, सीएचसी मांडा से शहर रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा, प्रयागराज।** गुरुवार को मांडाखास - कोरांव मुख्य मार्ग पर बगैहा नदी के समीप एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अनियंत्रित होकर गिरने से उसे चोटें आईं। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा ले जाया गया। घायल युवक की पहचान कोरांव निवासी हुकुम सिंह (35) पुत्र राजा चंदन सिंह के रूप में हुई है। वह अपने ससुराल गिरधरपुर से वापस लौट रहे थे, तभी बगैहा नदी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर गए। इस हादसे में उनके मुंह पर गंभीर चोटें आईं। सीएचसी मांडा में डॉक्टरों ने हुकुम सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च उपचार के लिए शहर रेफर कर दिया। हुकुम सिंह गिरधरपुर निवासी गौहा के दामाद और धरमू सिंह के रिश्ते में भैन दमाद हैं।



# चोरी के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार, करैली पुलिस की कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करैली थाना क्षेत्र में चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को असगरी तिराहे के पास कब्रिस्तान की बाउंड्री के निकट स्थित पीडीए मैदान से दबोचा गया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



### कब्रिस्तान के पास से दबोचा गया

करैली थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 22/2026 (धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस) के तहत आरोपी की तलाश की जा रही थी। बुधवार को सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर शम्स नगर झुग्गी-झोपड़ी निवासी राजा खां (20) पुत्र जमील खां को गिरफ्तार कर लिया।

### पहले भी दर्ज है मुकदमा

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। वर्ष 2024 में मुट्ठीगंज थाना में धारा 379/411 भादवि के तहत चोरी और चोरी का माल रखने का मामला पंजीकृत हुआ था।

### पुलिस टीम को मिली सफलता

गिरफ्तारी करने वाली टीम में करैली थाने के उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह, सूरज गुप्ता, रमेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रेशाद अहमद, कांस्टेबल शिवम अग्रवाल और विकास प्रताप सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी

# युवक को फार्च्यूनर कार में बैठा कर राइफल की बटों से मारने पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** घर के सामने खडे होकर मोबाइल से बातें कर रहे युवक को घसीट कर फार्च्यूनर कार में बैठा कर राइफल की बटों से मार पीट कर फेंक देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवारी छाता निवासी रोहित कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय भानु प्रताप सिंह का आरोप है कि वह 12 फरवरी को रात में अपने घर के पास मोबाइल से बातें कर रहा था। आरोप है कि तभी एक फार्च्यूनर कार आयी और उसे घसीट कर कार में बैठा कर राइफल की बट से मारते हुए गालियां देते हुए घूमाते रहे। रोहित का आरोप है कि जब वह बेहोश हो गया तो उसे रेवारी चौराहे पर फेंक कर भाग गए। रोहित कुमार ने मऊआइमा थाना में शशिकांत यादव निवासी गमरहटा, कल्लू पटेल निवासी बसरही, दिनेश कुमार निवासी अज्ञात, आलोक यादव निवासी सारी पट्टी बहरिया तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नैनी में 45 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, एनटीएफ व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाना पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने मंगलवार रात कार्रवाई करते हुए एक युवक को 45.32 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से नगदी, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2026 की रात चेकिंग के दौरान चकबबुरा अलीमाबाद तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को रोका गया। पूछताछ और तलाशी लेने पर उसके पास से 65 पुड़िया में कुल 45.32 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा 520 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी मिली।

गिरफ्तार आरोपित की पहचान दीपक भारतीया (35) पुत्र बसंत लाल निवासी शाहजी का पुरा, थाना नैनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत थाना नैनी में मुकदमा संख्या 78/2026 पंजीकृत किया गया है।

### पूछताछ में किया खुलासा

पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर परिचित ग्राहकों को बेचता था। उसने बताया कि बरामद मोबाइल फोन से वह ग्राहकों से संपर्क करता था और मिली नकदी नशीले पदार्थ की बिक्री से प्राप्त हुई है। स्मैक की खरीद के संबंध में उसने बताया कि जेल रोड के पीछे एक गली में एक व्यक्ति से वह माल लेता था, हालांकि उसका नाम नहीं जानता।

### पुलिस टीम को मिली सफलता

कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उप निरीक्षक सोहराब अहमद, उप निरीक्षक सुरेश गिरी (प्रभारी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) समेत थाना नैनी और एनटीएफ की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कंपोजिट विद्यालय भदवा सैदाबाद में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन के बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव, प्रयागराज।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सैदाबाद प्रयागराज की कार्यकारिणी, संघर्ष समिति की एक बैठक संपन्न हुई, बैठक में टेट अनिवार्यता के विरोध में अध्यापकों के द्वारा विस्तार में चर्चा किया गया, बैठक में राकेश मिश्र अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि ट्विटर (सोशल मीडिया) के माध्यम से विरोध किया जाएगा, 23 से 25 फ़रवरी तक सभी शिक्षक अपने बाहों में काली पट्टी बाध कर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन करेंगे, इसके बार्द कार्यालय एवं दिल्ली में राम लीला मैदान पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इस अवसार पर शिक्षक संघ सैदाबाद के मंत्री सुबेदार सिंह ने माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक सितंबर 2025 को जो निर्णय दिया गया, उसे काला कानून बताया गया,टेट अनिवार्यता का जो नियम अध्यापकों पर धोपा जा रहा है हम सब के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है, हम लोगों को परेशान करने तथा नौकरी से वंचित करने की कोशिश की जा रही है , सभी से विरोध करने का आग्रह किया गया, सभी साथियों से आग्रह किया कि जिले और प्रदेश के नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करें, इस कार्यक्रम में पवन कुमार बाजपेई,अनंत बहादुर सिंह, बंकिम द्विवेदी, देवेंद्र सिंह, प्रदीप पांडेय सिद्धार्थ, हरीशंकर रंजना राय, प्रेमा राय, अवनीश यादव, मनोज कुमार, राहुल मिश्र, बृजभान राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



# नैनी में 65 पुड़िया स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, 45.32 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाने की पुलिस एवं नारकोटिक्स टास्क फोर्स कमिश्नरेट प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को रात्रि चेकिंग के दौरान चकबबुरा अलीमाबाद तालाब के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 65 पुड़िया में कुल 45.32 ग्राम स्मैक, जामा तलाशी से 520/- नकद, एक मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दीपक भारतीया पुत्र बसंत लाल निवासी शाहजी का पुरा थाना नैनी के रूप में हुई है।



संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से पन्नी में पैक 65 पुड़िया स्मैक (कुल वजन 45.32 ग्राम) बरामद हुई। इसके अतिरिक्त 520 नकद, एक कीपैड मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। वही पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह स्मैक को छोटे-छोटे हिस्सों में पैक कर आने-जाने वाले परिचित व्यक्तियों को बेचता है। बरामद मोबाइल फोन का उपयोग वह ग्राहकों से संपर्क करने के लिए करता था तथा बरामद नकदी स्मैक बिक्री से प्राप्त धनराशि है। उसने बताया कि वह स्मैक जेल रोड स्थित क्षेत्र के पीछे गली में आने वाले एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदता था। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम थाना नैनी, उप निरीक्षक सोहराब अहमद, उप निरीक्षक सुरेश गिरी, प्रभारी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, उप निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल गजराज, सोनू यादव, विशाल सिंह, नंदलाल सिंह, कुलदीप सिंह, पुष्पेंद्र कुमार तेवतिया शामिल रहे। वही पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रयाग इंस्टीट्यूटशंस बेदौ करछना स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**करछना, प्रयागराज।** प्रयाग ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बेंदौ करछना प्रयागराज में आज से दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन ज्ञान सिंह, सचिव विकास सिंह, प्राचार्य डा पवन कुमार सिंह, एकेडमिक कॉर्डिनेटर डा मुकेश मिश्रा एवं रजिस्ट्रार आशीष तिवारी द्वारा किया गया। ज्ञान सिंह जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल कूद बहुत आवश्यक है। दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट में संस्थान के बी. टेक., डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी के छात्रों द्वारा वॉलीबॉल, शॉटपुट, शतरंज, बैडमिंटन,कबड्डी, खो खो, क्रिकेट एवं 100, 200 व 400 मीटर दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओ में भाग लिया गया।



संस्थान के सचिव ने इस दो दिवसीय खेल के आयोजन हेतु स्पोर्ट्स टीचर विवेक सिंह व रबीन्द्र सिंह को विशेष धन्यवाद एवं खेल प्रतियोगिताओ में योगदान हेतु अन्य सभी अध्यापकों को भी धन्यवाद कहा। स्पोर्ट्स फेस्ट का समापन कल होगा जिसमें सभी खेल प्रतियोगिताओ का फाइनल एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज में गुरुवार को 'हिंदवी स्वराज' के संस्थापक महानायक की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, मातृभूमि के प्रति उनके अटूट समर्पण और लोककल्याणकारी शासन व्यवस्था को याद किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर स्वाभिमान और राष्ट्रधर्म की रक्षा का संदेश दिया। उनका जीवन साहस, संगठन शक्ति और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल, मंजेश, अखिलेश, सुनील, ओमप्रकाश और अमित सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। सभी ने शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्रहित और समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# राजधर यादव चनेथू का निधन, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई, प्रयागराज।** चनेथू, मलियान गांव निवासी मुरलीधर यादव के ज्येष्ठ पुत्र राजधर यादव का बीमारी से निधन हो गया। राजधर यादव 56 वर्ष का प्रयागराज में इलाज चल रहा था 6 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया। राजधर यादव लाला सामाजिक, मिलनसार, उदार प्रवृति के थे उनके आकस्मिक निधन से परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक संतप्त परिजनों में गजेंद्र प्रताप, चक्रधर, शिवधर, विजयधर, महेंद्र प्रताप, रविप्रकाश, शशि प्रकाश, शिवांश, दिव्यांश, अंश, यश, कवि सहित सैकड़ों लोगों ने बुधवार को त्रयोदशाह में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया।



# मंडल में कृषि निर्यात को नई रफ्तार देने की तैयारी, प्रशिक्षण से विपणन तक बनेगी समग्र रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंडल में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बहुआयामी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में आयोजित मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक में प्रशिक्षण, समन्वय, ब्रांडिंग, क्लस्टर विकास और विपणन को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। बैठक में मंडल के प्रमुख कृषि उत्पादों की निर्यात स्थिति की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं कृषक उत्पादक कंपनियों को लाख की खेती का व्यापक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाख उत्पादन मंडल के किसानों के लिए आय का सशक्त विकल्प बन सकता है। इसके साथ ही कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपिडा) के सहयोग से क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित कराने तथा तकनीकी सहयोग के लिए शोध संस्थानों से समन्वय स्थापित करने को कहा। मंडलायुक्त ने जनपद स्तर पर हितधारकों के लिए प्रभावी संवाद तंत्र विकसित करने, निर्यातकों और किसानों के बीच समन्वय मजबूत करने तथा नीतिगत प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने भारतीय डाक विभाग के डाक निर्यात कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निर्यातकों का



चिन्हांकन कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी सुनिश्चित कराने तथा जैविक उत्पादों के विपणन हेतु नगर क्षेत्र में उपयुक्त स्थान चिह्नित करने को कहा।

### क्लस्टर विकास से बढ़ेगी पहचान

बैठक में सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि प्रतापगढ़ में आंवला और फतेहपुर में केला क्लस्टर विकसित हो चुका है, जबकि फतेहपुर में आलू और हरी मिर्च तथा कौशांबी में केला क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। प्रतापगढ़ से आंवला के 208 तथा प्रयागराज से सुरखा अमरूद के 144 अधिकृत उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं। सोनाचूर, विष्णुभोग चावल, केसरिया नींबू, कजला खरबूजा, रामराज धान एवं फतेहपुर सूतफानी को जीआई पंजीकरण के लिए चयनित किया गया है।

### कृषि निर्यात नीति-2024 के तहत प्रोत्साहन

उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात नीति-2024 के तहत निर्यात क्लस्टर में अच्छी कृषि पद्धतियों या समकक्ष प्रमाणीकरण पर व्यय का 50 प्रतिशत या अधिकतम 1.50 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। जैविक एवं प्राकृतिक प्रमाणीकरण के लिए 50 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तथा आयातक देशों के एमआरएल मानकों के अनुसार नमूनों की जांच पर भी 50 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तक प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

वर्तमान वित्तीय वर्ष में मंडल से आंवला एवं उसके प्रसंस्कृत उत्पाद का 22.512 मीट्रिक टन (0.33 करोड़ रुपये), गाजर व ताजी हरी सब्जियों का 55.1 मीट्रिक टन (0.135 करोड़ रुपये), भिंडी का 31 मीट्रिक टन (0.009 करोड़ रुपये), चावल का 17618.9 मीट्रिक टन (61.01 करोड़ रुपये) और मूंगफली का 398 मीट्रिक टन (2.92 करोड़ रुपये) निर्यात हुआ। कुल निर्यात 18125.472 मीट्रिक टन (73.13 करोड़ रुपये) रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह 6296.65 मीट्रिक टन (26.54 करोड़ रुपये) था।

### प्रशिक्षण और नई संभावनाएं

कृषि निर्यात एवं डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया पर मंडल के चार एफपीओ और दो अधिकारियों को National Institute of Plant Health Management, हैदराबाद से प्रशिक्षण दिलाया गया है। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अनिल शर्मा ने बताया कि कौशांबी की आईफा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी केला प्रसंस्कृत उत्पाद एवं हस्तशिल्प का निर्यात कर रही है। क्षेत्र में केले की अधिक खेती को देखते हुए निर्यात की व्यापक संभावनाएं हैं।बैठक में कृषि, उद्योग, डाक विभाग, नाबार्ड तथा खाद्य प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण संस्थानों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले निर्यातकों और एफपीओ की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अन्य किसान भी निर्यात से जुड़कर अपनी आय बढ़ा सकें।

# बंधवा की समस्याओं का निदान होने तक जारी रहेगा भाकियू का धरना

आठवें दिन भी ग्राम बंधवा में जारी रहा धरना

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़, प्रयागराज।** विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम बंधवा की विभिन्न समस्याओं को लेकर जारी भाकियू (टिकैट) का धरना आठवें दिन भी जारी रहा।

ब्लाक अध्यक्ष यतेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, समस्याओं का निदान होने तक प्रदर्शन चलता रहेगा।धरना के आठवें दिन, गुरुवार को किसानों/मजदूरों ने पंचायत से निर्णय लिया कि जब तक गांव की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक महापंचायत अनवरत चलती रहेगी। गौरतलब है कि किसान और मजदूर गांव में काली सड़क, वन विभाग द्वारा दी गई नोटिस, वाटर टैंक के संचालन और गोशाला निर्माण की मांग को लेकर धरनारत हैं।इस मौके पर जिला महासचिव सुरेंद्र कुमार सिंह, कन्हैयालाल सिंह, राघव सिंह, दीपू सिंह, संतोष कुमार सिंह, गोलू सिंह, सूर्यभान, रामनारायण सिंह, लल्लू सिंह, मान बहादुर सिंह, मेवालाल सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, समयलाल सिंह, रामनिरंजन, नरेंद्र कुमार, धर्मदास, कृष्ण बहादुर सिंह, अनुराग सिंह, शिवप्रसाद सिंह, बालकृष्ण पाल, बलराम सिंह, अनुज प्रताप सिंह, अजय, राजेश्वर सिंह, हनुमत सिंह, श्याम बिहारी, चंद्रमा, सूर्यप्रताप सिंह, प्रेमदयाल सिंह, देवेंद्र, यज्ञभान सिंह, सत्यदेव सिंह, रामकैलाश, शिवशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

# 29वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन, भारोत्तोलन क्लस्टर(भारोत्तोलन, योग व पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी 42वीं वाहिनी, नैनी के प्रांगण में वृहस्पतिवार से आयोजित 29वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेनानायक राजेश कुमार श्रीवास्तव (आईपीएस) द्वारा वाहिनी परेड ग्राउंड में फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में 42वीं वाहिनी, 04वीं वाहिनी, 12वीं वाहिनी, 20वीं वाहिनी, 33वीं वाहिनी, 34वीं वाहिनी, 36वीं वाहिनी, 37वीं वाहिनी, 39वीं वाहिनी एवं 48वीं वाहिनी सहित कुल 10 वाहिनियों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि के आगमन पर सर्वप्रथम टीम प्रबंधकों से परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात सभी टीमों द्वारा अनुशासन एवं उत्साह के साथ शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। खिलाड़ियों ने खेल भावना को सर्वोपरि रखते हुए प्रतियोगिता को शुचितापूर्ण, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ सम्पन्न करने की शपथ ली। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर शिविरपाल अरविंद कुमार सिंह, सहायक शिविरपाल हरदास, सूबेदार मेजर, राधेश्याम यादव, निर्णायक मंडल के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधिगण, समस्त टीम प्रबंधक, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए समस्त प्रतिभागियों में उत्साह एवं उमंग का वातावरण व्याप्त है।

# मंच पर खिला प्रतिभाओं का आत्मविश्वास, तालियों से गूंजा एम वी कान्वेंट स्कूल परिसर

## शंकरगढ़ में एमवी कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न, तीन सौ विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़, प्रयागराज।** शंकरगढ़ के कनक नगर, शंकरगढ़ स्थित एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह में बारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. वाचस्पति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे विद्यार्थियों के समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, सामाजिक संदेश






आधारित नाटक, पर्यावरण संरक्षण और बालिका शिक्षा पर केंद्रित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

विधायक डॉ. वाचस्पति ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और मंच संचालन कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों की सहभागिता को सराहा।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संस्था का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मधुपति की उपस्थिति भी रही। अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन प्रदान किया गया और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।प्रमुख रूप से मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी,प्रगति आर्या, प्रकृति आर्या, आकृति आर्या, प्रधानाचार्य शैली मालवीया, दीपक मिश्रा, कृति सिंह, हर्षिता, पूनम, कृतिका, स्वाती, शैलेश, आबिद, जया, सुनीता, काजल, अर्चना सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ जवान आशीष बिन्द का गांव में स्वागत,मांडा के खपरकुचवा राजापुर में उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा, प्रयागराज।** क्षेत्र के खपरकुचवा राजापुर गांव में गुरुवार को सीआरपीएफ जवान आशीष कुमार बिन्द का भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ में तैनात आशीष अवकाश पर अपने गृह गांव पहुंचे, जिसकी सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदेमातरम' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। लोगों ने ढोल-





नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया और उन्हें कंधों पर बैठाकर सम्मान व्यक्त किया।

स्वागत कार्यक्रम श्याम बिहारी बिन्द के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि देश की सेवा में योगदान देने वाले युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी से ऐसे वीर सपूतों का सम्मान करने और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदीप बिन्द, अवधेश प्रजापति, अनिल शर्मा, मनीष चौधरी, अतुल पांडेय, लवकुश बिन्द, वरुण बिन्द, अखिलेश बिन्द सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आशीष कुमार बिन्द को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जवान के पिता लालचंद बिन्द ने भावुक होकर बताया कि उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बेटे को कठिन परिश्रम से पढ़ाया-लिखाया। उन्होंने कहा, 'आज बेटे की सफलता हमारी वर्षों की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। हमें गर्व है कि वह देश की सेवा कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि आशीष कुमार बिन्द की सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर पहुंचकर तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

## सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरूवार को तहसील सदर परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने तहसील परिसर में स्थित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों एवं पटल का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों का रख-रखाव, पत्राचार, पुराने प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था और कार्मिकों की कार्यप्रणाली की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनसे सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी ली और सभी सम्बंधित अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं सभी कक्षों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था और पत्रावलियों के रखरखाव को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयी अनुशासन और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता दर्शन की सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से यथोचित निर्णय लेते हुए प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर से सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कोर्ट में सबसे पुराने समय से लम्बित फाइलों की जानकारी लेते हुए 15 वर्ष से लम्बित धारा-233 से सम्बंधित सबसे पुरानी फाइल को निकलवाकर देखा तथा उपजिलाधिकारी सदर को डीडीसी का पक्ष लेते हुए निस्तारित किए जाने के लिए कहा। उन्होंने फाइल में आर्डर सीट क्रम से नहीं लगाये जाने तथा अद्यतन नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पेशकार मकसूद अहमद प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने धारा-116, 229बी एवं अन्य धाराओं से सम्बंधित सबसे



पुराने प्रकरणों की तीन-तीन फाइलों का अवलोकन किया तथा उन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि धारा-24 कोई फाइल छः माह से अधिक लम्बित न रहे। उन्होंने पांच वर्ष व 3 वर्ष से अधिक पुराने समय से लम्बित फाइलों की छंटनी कराये जाने तथा ऐसे पुराने समय से लम्बित प्रकरणों में नियमित सुनवाई करते हुए इन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपजिलाधिकारी कोर्ट में फाइलों का उचित रख-रखाव व साफ-सफाई कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार से सम्बंधित कोर्ट का निरीक्षण किया तथा पत्रावलियों का रख-रखाव एवं उनके निस्तारण की स्थिति को देखा। उन्होंने तहसीलदार कोर्ट में सबसे पुरानी लम्बित धारा-35 म्यूटेशन से सम्बंधित फाइल को निकलवाकर देखा तथा सम्बंधित प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पांच साल व तीन साल से अधिक सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को एक साथ सूचीबद्ध करते हुए नियमित सुनवाई पर लगाकर ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने अंश निर्धारण, वरासत, धारा-32/38, धारा-24 आदि से सम्बंधित अविवादित प्रकरणों में सम्बंधित पक्षों की सुनवाई करते हुए तत्काल निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील परिसर स्थित नजारत अनुभाग का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई की अच्छी स्थिति न होने, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र से सम्बंधित फाइलों का उचित रख-रखाव न होने तथा कार्यालय में ही निष्प्रयोज्य हो चुके सामानों के रखे पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय की साफ-सफाई कराये जाने, निष्प्रयोज्य सामानों को हटवाये जाने तथा बिडिंग योग्य फाइलो को विडआउट किए जाने के लिए कहा है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अभिलेखागार के क्रमांक 135 पर बेली उपरहार का बक्सा निकलवाकर देखते हुए फाइलों को बस्ता सूची के अनुसार व्यवस्थित ढंग से टेपिंग/बाइडिंग कराकर उन्हें सुरक्षित ढंग से रखे जाने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने सभी खतौनियों को ऑनलाइन फीड भी कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिन खतौनियों में सरकारी कार्यालय, सरकारी आवास या अन्य कोई सरकारी भवन स्थित है, उन्हें सम्बंधित खतौनियों में दर्ज कर लिया जाये। उन्होंने संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया तथा तहसील के सबसे बड़े बकायेदारों की जानकारी ली और उन्होंने वसूली योग्य टॉप टेन बड़े बकायेदारों की सम्पत्ति का मूल्यांकन के पश्चात उसकी नीलामी की कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह वसूली सूची की साप्ताहिक दाखिला को अद्यतन रखने के निर्देश दिए है।जिलाधिकारी ने राजकीय आस्थान से सम्बंधित कार्यालय का निरीक्षण करते हुए सार्वजनिक उपयोग एवं पट्टेदारों की भूमि से सम्बंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नजूल को सरकारी भूमियों की नक्शे पर मैपिंग कराये जाने तथा सम्बंधित भूमि पर क्या है, उनका भौतिक सत्यापन करवाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अवैध कब्जे से सम्बंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का अलग से रजिस्टर बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी पटल सहायकों को समय से उपस्थित होने तथा उनसे सम्बंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में भवनों के जर्जर हिस्सों के मरम्मतीकरण हेतु व्यय का आगणन कराकर प्रस्ताव भेजे जाने के लिए कहा है। उन्होंने तहसील परिसर में पेयजल व साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने पैदल मार्च निकालकर जताया विरोध

**प्रतापगढ़। मनरेगा** बचाओ संग्राम के तहत गत 17 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा की गई लाठी चार्ज व नुकीले बैरिकेटिंग की वजह से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए थे। इसी दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यालय,इन्दिरा भवन प्रतापगढ़ से पैदल मार्च करते हुए कम्पनी बाग स्थित बापू जी की प्रतिमा के समक्ष सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो. वसीम ने माला पहनाकर नमन किया गया तत्पक्षात समक्ष बैठकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा गरीबों मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है। भाजपा सरकार जनहित की आवाज को दबाने के लिए लाठीचार्ज और दमन की नीति अपना रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना व कांग्रेस जिला अध्यक्ष




डॉ नीरज त्रिपाठी सहित सैकड़ो कार्यकताओं पर हुआ लाठीचार्ज लोकतंत्र पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इन्द्रानंद तिवारी व जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेशानुसार प्रतापगढ़ में यह विरोध दर्ज कराया गया है। मनरेगा के हक और अधिकार की लड़ाई में जिला कांग्रेस कमेटी पूरी मजबूती से प्रदेश नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से लगातार विरोध किया जाएगा।

नगर अध्यक्ष संजय इशितयाक व जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीब, मजदूर और किसान के हितों की लड़ाई लड़ती आई है। मनरेगा पर किसी भी प्रकार का प्रहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट रहकर संघर्ष को और तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा अंत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी महेंद्र शुक्ला आर.पी वर्मा विजय प्रताप त्रिपाठी के.के शुक्ल फतेह बहादुर सिंह सुनीता सिंह पटेल सुभाष तिवारी रामकुमार पटेल उमेश तिवारी अश्वनी उपाध्याय सुधीर तिवारी रवि प्रताप सिंह आशिक अली बलवंत कुमार वर्मा पीसीसी सदस्य संतोष शर्मा अनिल मौर्य लालबहादुर पटेल मो. कासिम आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

## जमीनी विवाद में मारपीट, महिला से अभद्रता का आरोप

**कुंडा। महेशगंज** थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट और महिला से अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित कमलेश यादव की ओर से न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी सुनील यादव, मंजू यादव व एक अज्ञात व्यक्ति कथित रूप से घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों व घूंसे से मारपीट की। बीच-बचाव करने आई पत्नी सीमा यादव के साथ भी मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही घर में तोड़फोड़ और नकदी ले जाने की शिकायत की गई है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विपक्षियों ने घर पर आकर मारपीट की, बीच-बचाव करने आई महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया ।

## मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद में जान से मारने की दी धमकी

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम अंतर्गत किठौली जलालपुर गांव में पारिवारिक जमीन को लेकर विवाद तूल पकड़ता नजर आ रहा है। गांव निवासी पूजा देवी ने बुधवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने जेठ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार वह अपनी पुश्तैनी जमीन पर मकान निर्माण का कार्य करा रही हैं। इसी बात को लेकर उनके जेठ लगातार विरोध कर रहे हैं। आरोप है कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजे जब निर्माण कार्य चल रहा था, उसी दौरान जेठ मौके पर पहुंच गए और काम रुकवाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्होंने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। पूजा देवी का कहना है कि इस घटना के बाद से वह और उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक, जमीन को लेकर पहले भी परिवार के बीच कहासुनी होती रही है, लेकिन इस बार मामला थाने तक पहुंच गया है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। इस संबंध में चैकी इंचार्ज कमलेश कुमार ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है, जबकि पीड़िता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**पट्टी। दिलीप** पुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र के खूंझी कला गांव के समीप गुरुवार की सुबह 11 बजे पंपिंग सेट के पास 11 हजार हाईटेंशन लाइन तार पर चढ़कर एक राष्ट्रीय पक्षी मोर बैठा था उसी दौरान बिजली आपूर्ति बहाल होने पर मोर झुलस कर नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। किसान हृदय नारायण पांडे ने मामले की जानकारी चैकी प्रभारी बेलखरनाथ अनुपम पटेल को दी। मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी ने वन विभाग को सूचना दी। काफी समय तक वन विभाग के कर्मचारियों के न पहुंचने पर अपने हमराहियों को लेकर बेलखरनाथ धाम सई नदी के किनारे राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार करा दिया।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी। आसपुर** देवसरा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में बुधवार को जमीनी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, इब्राहिमपुर गांव में दो पक्षों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बुधवार को विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ओर से लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक शिवम त्रिपाठी ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी मानने को तैयार नहीं था। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ भेजा। जहां उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। उपनिरीक्षक शिवम त्रिपाठी की तहरीर पर गुरुवार को दोनों पक्षों से चार लोगों राकेश जायसवाल, विकास, विवेक और अतुल निवासी इब्राहिमपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में एहतियातन पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना ना हो।

## शादी का झांसा देकर 16 वर्षीय किशोरी को भगाने का आरोप

**पट्टी। आसपुर** देवसरा थाना क्षेत्र के करौंदी गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मामले में दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करौंदी गांव निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी बीते 15 फरवरी की शाम से घर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई। इस दौरान पता चला कि गांव का ही एक युवक अपने साथियों के साथ मिलकर शादी का प्रलोभन देकर किशोरी को अपने साथ ले गया है। पीड़िता ने अमन और नईम समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नामजद तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने गुरुवार सुबह करीब 10 बजे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, रेफर

**कुंडा। तेज** रफ्तार व लापरवाही से वाहन चला रहे कार चालक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। महेशगंज थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे के आईटीडी प्लांट के पास घायल राजकुमार सरोज पुत्र मंगरे सरोज बंतारिया रायअसकरन पुर निवासी घर से किसी काम के लिए महेशगंज बाजार से वापस आ रहा था।

## एक जिला बदर व तीन का हुआ शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**प्रतापगढ़। जिले** के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 01 व्यक्ति थाना फतनपुर ग्राम तुलैया का पुरवा मेडुआडीह के अमृत लाल पुत्र बुधई को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 03 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

जिला मजिस्टेज्ट ने थाना पट्टी ग्राम समोगरा के राजेश सिंह पुत्र लाल साहब सिंह के शस्त्र एसबीबीएल 12 बोर व ग्राम महोखरी के रवीन्द्र कुमार दूबे पुत्र स्व0 रामचन्द्र दूबे के शस्त्र एसबीबीएल 12 बोर तथा थाना देल्हूपुर ग्राम नूरपुर के आजाद अली पुत्र यार मोहम्मद के शस्त्र एसबीबीएल को निरस्त कर दिया है।

## श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा

**बेलखरनाथ धाम। पट्टी** क्षेत्र के शेषपुर अठगवा गांव में श्रीमद्भागवत कथा आया के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा कथा वाचक डॉ साईं शंकर मृदुल जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन के नेतृत्व में निकली। जिसमें मुख्य यजमान पं रामचंद्र शुक्ल सरोज शुक्ल ने कथा व्यास जी का रोली चंदन से टीका लगाया आरती उतारी और माल्यार्पण कर उनका चरण वंदन किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सिर पर कलश रख कर लोक कल्याण के लिए गाजे बाजे व डीजे की धुन पर भजनों पर नाचते गाते ,पुष्प वर्षा ,अबीर गुलाल उड़ाते हुए गांव के दुर्गा माई मंदिर,भोला शंकर जी का मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, बुद्धेश्वरी मंदिर होते हुए कथा स्थल पर पहुंचे। जहां आयोजक राजीव कुमार शुक्ल ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कलश यात्रा में राहुल शुक्ला, राजन शुक्ल,निधि वंदना ,राधा ,



गुड्डू शुक्ला,रामेश्वर प्रसाद तिवारी, त्र्यंबक नाथ मिश्र, धर्मेन्द्र मिश्रा सुनील पांडे सुधा शेखर तिवारी विवेक मिश्रा सहित क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चालीस लीटर अवैध शराब बरामद, केस

**प्रतापगढ़। आबकारी** विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चालीस लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी है। विशेष प्रवर्तन दल के द्वारा लीलापुर थाने के छेमरसरैया, लालगंज थाने के रमणपुरवा, मेढावांमें आरोपियों के पास से कच्ची शराब बरामद की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया गया है। लालगंज के मेढावां में दबिश के दौरान कोतवाली के एसएसआई अरूण कुमार सिंह भी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## माँ शीतलादेवी मंदिर प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर निकली भव्य कलश यात्रा

**कुंडा। बिहार** विकासखंड के चैरास डेरवा स्थित नव-निर्मित माँ शीतलादेवी मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर, गुरुवार को पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर परिसर से शुरू हुई एक विशाल और भव्य कलश यात्रा ने चैरास सहित आसपास के क्षेत्रों को भक्तिमय बना दिया। यह कलश यात्रा स्थानीय ग्रामीणांचल की आस्था और जनसहभागिता का जीवंत प्रमाण बनी। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कलश यात्रा का आरम्भ मंदिर स्थल से हुआ, जहाँ से माँ शीतलादेवी के जयकारों के साथ हजारों भक्त आगे बढ़े। यात्रा चैरास से निकलकर



पहले छतुपट्टी क्षेत्र में स्थित मंदिर पहुँची, जहाँ विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा शिवम् शुक्ला के पैतृक घर पूरे छ्तू पहुँची, जहाँ परिजनों और स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। यहाँ से यात्रा धाम की ओर बढ़ी और फिर पुनः चैरास मंदिर परिसर पहुँची। आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस पावन अनुष्ठान का समापन शुक्रवार, 20 फरवरी को माँ शीतलादेवी मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह और विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजक शिवम् सुरेशचंद्र शुक्ला (मोनू) ने यह मंदिर अपने दादाजी स्वर्गीय रामखेलावन शुक्ला की स्मृति को समर्पित किया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से 20 फरवरी 2026 शुक्रवार को होने वाले उद्घाटन और भंडारे में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध कियायह भव्य आयोजन चैरास डेरवा में भक्ति और जनसहभागिता की एक नई मिसाल कायम करेगा।

## अपना दल एस की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**प्रतापगढ़। गुरुवार** को अपना दल एस, सोनेलाल की समीक्षा बैठक पी. डब्लू.डी. डाक बंगला में नव निर्मित नगर पंचायत कार्यालय मान्धाता के उद्घाटन समारोह एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के स्वागत के परिपेक्ष्य में बैठक आहत की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल एवं संचालन का कार्य बृजेश कुमार पटेल जिला महासचिव ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि मिथिलेश सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष श्रमिक मंच विशिष्ट अतिथि बादल पटेल चेयरमैन प्रतिनिधि मान्धाता रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल लोग राजकुमार पटेल जिला अध्यक्ष, राबिन पटेल विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथगंज योगेश वर्मा विनोद पटेल रामचन्द्र पटेल वीरेंद्र पाल, रामआसरे मुन्नर सरोज शंकरलाल शिव दयाल राधे श्याम किरन पटेल पिंकी पटेल कमलेश पटेल ब्रजेश पटेल आदर्श पटेल मिथिलेश पटेल दिलीप कुमार सुरेन्द्र पाल ओम प्रकाश विजय कुमार रवि सिंह संजीव गहलौत जिला मीडिया प्रभारी अपना दल एस ।



## विद्युत केबल जोड़ने को लेकर हुआ विवाद, युवक समेत दो महिलाएं घायल

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के शोभवा गांव में गुरुवार सुबह विद्युत केबल जोड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में एक युवक समेत दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों का उपचार कराया गया है, जबकि पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। शोभवा गांव निवासी राजकुमारी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर के बाहर विद्युत केबल जोड़ रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए केबल जोड़ने का विरोध करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोप है कि दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने आईं ज्योति और आंचल के साथ ही मदनलाल को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से जमकर पीटा। मारपीट में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को उपचार के लिए भेजा गया।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए विभाग ने किया जागरूक

**प्रतापगढ़। उ0प्र0** शासन के निदेर्शानुसार गुरुवार को सेंट जेवियर्स स्कूल जोगापुर में यातायात विभाग द्वारा यातायात के नियमो का पालन करना, सुरक्षा एवं कानूनी अनुपालन के विषय में छात्रों को जागरूक किया गया। छात्रों को वाहन के कागजात ड्राइबिंग लाइसेंस आर0सी0 बीमा प्रदूषण के विषय में बताया गया कि ये किसी भी वाहन के अनिवार्य कागजात हैं। यातायात निरीक्षक मनोज कुमार यातायात उप निरीक्षक राम आग्रे, यातायात आरक्षी अरूण कुमार अरविन्द कुमार और टीम ने छात्रों को बताया गया कि वाहन चलाते समय यातायात के




महत्वपूर्ण नियमों में ट्रैफिक लाईट का पालन सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग गति सीमा में रहना अनिवार्य होता है। वाहन चलाते समय मोबाईल फोन से बचना चाहिए। शराब पीकर वाहन नही चलाना चाहिए और हमेशा अपने बायीं ओर से चलना चाहिए। दो पहिया वाहन में पीछे बैठने वालो के लिए हेलमेट और कार में सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। ओवर स्पीड से हमेशा बचना चाहिए। ओवर टेक हमेशा दाहनी ओर से करे। मुड़ने के लिए इंडीकेटर का उपयोग करे। पैदल यात्रीयों के लिए जेब्रा क्रासिंग पर गाड़ी रोके और एंबुलेंस और फायर ब्रिगेट को पहले रास्ता दे आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी छात्रों को दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय ने बच्चों को यातायात के नियमों के विषय में बताते हुए कहा कि वे अपने आसपास के लोंगो को यातायात के नियमों के बारे में बताकर जागरूक करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार पाण्डेय शिवा प्रजापति मनोज कुमार सिंह, सतीश शुक्ला शिक्षिका दीपा त्रिपाठी प्रीति सिंह रेखा श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## बकाया फीस मांगने पर स्कूल संचालक से मारपीट

**पट्टी। कंधई** थाना क्षेत्र के बिबिया करनपुर गांव निवासी राजेश प्रताप सिंह के बेटे अजीत प्रताप सिंह ने दिलीप पुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सरखेल पुर गांव सोनाही बाजार के समीप प्राइवेट स्कूल का संचालन करता है। सोनाही गांव के वासिफ अली के घर चार बच्चे अलग-अलग कक्षा में पढाई कर रहे हैं। एक साल का लगभग 40 हजार रुपए फीस का बकाया है। आरोप है कि गुरुवार की सुबह 9 बजे वासिफ अली के घर पढ़ने वाले बच्चों से फीस के लिए कहां। एक बच्चा बैग लेकर घर पहुंचा और फीस की बाबत जानकारी दी, घर से वासिफ के भाई इरफान ने फोन कर स्कूल संचालक अजीत प्रताप सिंह को गाली देते हुए धमकी दी। कुछ देर के बाद अर्टिगा कार से पहुंचे दो लोगों ने लोहे की राड लेकर स्कूल संचालक पर हमलावर हो गए। देखते ही देखते मारपीट होने लगी जिससे स्कूल में अफरातफरी मच गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान गले से सोने की चैन व कैश काउंटर में रखा स्कूल की फीस 55 हजार रुपए लेकर चलें गए और अवैध असलहा निकाल कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। स्कूल संचालक ने मामले की जानकारी बेलखरनाथ पुलिस के साथ डायल 112 को दी। मारपीट में स्कूल संचालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के दौरान अफरातफरी मच गई थी। स्कूल संचालक ने दो नामजद तीन अज्ञात के खिलाफ दिलीप पुर पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीप पुर बलराम सिंह ने बताया कि चैकी प्रभारी बेलखरनाथ द्वारा मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को गॉव की समस्या, गॉव में समाधान के तहत विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम-रसूलपुर बदले में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को ग्राम के विद्यालय में 19 पैरामीटर के अन्तर्गत कराए गए कार्यों,निपुण तालिका साफ-सफाई एवं डी.बी.टी.आदि का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने,कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय।





उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं,जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की,जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है।

जिलाधिकारी ने आगनबाड़ी कार्यकत्रियो से लाभार्थियो को पुष्टाहार वितरण की स्थिति एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सी.डी.पी.ओ. से कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चो की उपस्थिति कम है,उन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने ग्रामवासियो से नजदीकी पशु चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं का टीकाकरण कराया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियो-सुरेन्द्र कुमार,गीता देवी,मन्त्रा देवी व दीपक कुमार आदि को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में विद्युत की कटौती होती है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय तथा ट्रान्सफार्मर खराब होने की शिकायत प्राप्त होने पर निर्धारित समय पर बदलवा दिया जाय। ग्रामवासियों ने बताया कि 02 विद्युत के खम्भे टूटे हैं, जिसे अभी तक बदला नहीं गया है,जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को खम्भे बदलवाने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में सी.एच.ओ. नहीं मिलते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सी.एच.ओ. से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य किया जाय,पुनः शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सी.एच.ओ. द्वारा प्रतिदिन किए जा रहें कार्यों की मॉनीटरिंग करें।मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 103 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको आवास निर्माण के लिए मार्च माह के बाद धनराशि मिलना शुरू हो जाएगा। ग्राम चैपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की।

# जेल में बंद युवक के पिता का पेड़ से लटका मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**कड़ा कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलावल पुर टिकरी गांव में गुरुवार को गांव के बाहर बाग के पेड़ से लटका हुआ एक अधेड़ का शव मिला है शव देखते ही गांव में हड़कंप मच गया है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ पहुंच गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक जयपाल सरोज उम्र 50 वर्ष पुत्र चैतू सरोज निवासी अलावल पुर टिकरी थाना कड़ा धाम का बेटा किसी गंभीर अपराध में जेल में बंद है वह अपने बेटे से मिलने जेल गया था और लौटकर घर आया था लेकिन गुरुवार को जयपाल की लाश गांव के बाहर बाग में पेड़ से लटकी हुई मिली है जयपाल की मौत हत्या है कि आत्महत्या यह तो पुलिस की बड़ी जांच का विषय है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई है मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

## तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना पुलिस ने बुधवार की शाम को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त अनुराग उर्फ अन्नू पुत्र राम सुमिरन निवासी दिया उपरहार को लाला के पुरवा के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही पश्चात थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेज दिया है

# हत्या का प्रयास करने वाला 25 हजार रुपए का इनामिया अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में दिनांक 22.01.2026 की रात मो0 अरशद पुत्र मो0 इदरीश निवासी भरवारी के ऊपर बम फेंका गया उसके बच जाने पर तमंचे से लगातार फायर किया गया बम की आवाज और फायरिंग की आवाज से भरवारी में हो हल्ला की आवाज आने लगी और मौके पर लोगों की भीड़ लगने लगी भीड़ लगती देखकर डर कर मौके से अभियुक्त मो0 अलीशान पुत्र कल्लू निवासी ग्राम गनसरी थाना संदीपनघाट भाग गया हालांकि इस घटना में मोहम्मद अरशद को कोई चोट नहीं लगी वह बच गए थे।

घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त की गिरफ्तारी का निर्देश दिया और उसके बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी पर 25000 रुपए का इनाम पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने घोषित किया 19 फरवरी को उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी एसओजी प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह की संयुक्त कार्यवाही में परसरा तिराहा ओवर ब्रिज के नीचे से पुरस्कार घोषित अपराधी मोहम्मद अलीशान पुत्र कल्लू निवासी ग्राम गनसरी थाना संदीपनघाट कों संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक तमंचा वा जिंदा और मुर्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है पुरस्कार घोषित अपराधी ने घटना को स्वीकार किया है गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पहले भी कोखराज थाना में मुकदमा अपराध संख्या 164 सन 2020 वा मुकदमा अपराध संख्या 520 सन 2020 वा मुकदमा अपराध संख्या 316 सन 2024 थाना संदीपन घाट मुकदमा अपराध संख्या 149 सन 2024 थाना संदीपन घाट वा मुकदमा अपराध संख्या 045 सन 2026 थाना कोखराज में पंजीकृत है गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस टीम ने उसे अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है



# मनरेगा बचाओ आंदोलन को कुचलने के लिए कांग्रेसियों पर योगी की पुलिस ने चलाया था लाठी : गौरव पाण्डेय

## लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम में हुए लाठी चार्ज के विरोध में गरजे कांग्रेसी सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मनरेगा बचाओ अभियान के अंतर्गत लखनऊ में विगत 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में हुए विधानसभा घेराव कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सहित सहित कई कार्यकर्ताओं के ऊपर कांग्रेस के इस आंदोलन को कुचलने के लिए योगी सरकार की पुलिस ने कांग्रेस नेताओं पर लाठी चला दी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को योगी की पुलिस ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा जिससे कांग्रेस के नेताओं में उबाल आ गया और इसी उबाल के चलते गुरुवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कांग्रेसी एकत्रित हुए और सरकार के विरोध में नारेबाजी कर कांग्रेस पार्टी कार्यालय से विरोध प्रकट करते हुए कांग्रेसी मंझनपुर स्थित जिलाधिकारी मुख्यालय पर पहुंचे और जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कौशाम्बी कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन के जरिए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।



इसके बाद जिलाधिकारी के जरिए राज्यपाल महोदय को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पुलिसिया बर्बता हुई उसके खिलाफ आज कांग्रेसजनों ने धरना के माध्यम से प्रशासन और सरकार को चेताया कि कांग्रेस नेता जनता के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे हम सभी उनके नेतृत्व में गरीबों मजदूरों और मध्यम वर्ग बेरोजगारी,महंगाई,आदि मुद्दों को लेकर शांति पूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे लेकिन इस तानाशाह भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस के आंदोलन को कुचलने के उद्देश्य से कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मी द्वारा लाठी से पीट कर उन्हें घायल किया गया इसके बाद पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि 17 फरवरी को विधानसभा घेराव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित शीर्ष के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है क्या लोकतंत्र में सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना अपराध है मनरेगा योजना भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है यह योजना गरीबों की ताकत है इसके बाद आसिफ अल्वी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की हितकारी योजनाओं को समाप्त करना चाहती है मनरेगा जोकि प्रमुख योजना है इससे गरीबों का उद्धार होता था लेकिन वर्तमान सरकार इस योजना का नाम बदलकर इसे समाप्त करना चाहती है हम कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में इसी प्रकार से गरीबों के अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे.कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,संतोष शुक्ला,शशि त्रिपाठी,रवि नारायण तिवारी ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, नोखे लाल यादव रमेश यादव, पुष्पेंद्र यादव (छोटू),विभा देवी,बिफई लाल, इंद्रपाल गौतम,शिवलेश मिश्रा, प्रदीप पटेल,मन्नी लाल,सुरेंद्र सरोज, राहुल यादव,राम जी सेन,सहित दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे!

## 3 महीने में कई बार महिला के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर बीते 3 महीने से उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए महिला की अश्लील वीडियो फोटो बनाई गई और वायरल करने की धमकी दी गई महिला ने कई बार दुष्कर्म के मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया थाना पुलिस ने आरोपी युवक आदित्य उर्फ अभय पुत्र दिनेश कुमार निवासी नटका थाना चरवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया आरोपी युवक की पुलिस तलाश कर रही थी गुरुवार को आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है

# नगर पालिका परिषद वा नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूंडा के कार्यों के प्रगति की डीएम ने किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को उदयन सभागार में नगर पालिका परिषद वा नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूंडा के कार्यों के प्रगति की समीक्षा किया जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी में निर्माण कार्य लम्बित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल, शौचालय एवं टाईलीकरण आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय तथा विद्यालयों में प्रतिदिन साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाय। नगर निकायों में साफ-सफाई के कार्यों की मॉनिटरिंग एवं नवाचार किया जाय। जिलाधिकारी ने 15वॉ वित्त आयोग,वंदन योजना,नगरोद्य योजना तथा सीवरेज व जल निकासी योजना के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की निकायवार समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण करने, मौके पर भ्रमण करने एवं लापरवाह ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अमृत योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत पश्चिम शरीरा, कड़ा एवं चायल में कराए जा रहें कार्यों-ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य,पाइपलाइन व पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मोटरेबल के कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता से कहा कि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने डूडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी आकाश सिंह से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अधूरे आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाय तथा पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय।बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।




## दो बेटियों को जहर खिलाकर मां ने भी खाया जहर हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बौली गांव में बीती रात बुधवार को दो बेटियों को जहर खिलाने के बाद मां ने भी जहर खा लिया जिससे मां बेटी तीनों की हालत खराब होने लगी है गंभीर हालत में तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बौली गांव निवासी मेडी लाल सरोज की मौत हो चुकी है गांव में उनकी पत्नी अंजू देवी अपनी दो बेटियों कमला देवी 18 वर्ष वा विमला देवी 16 वर्ष के साथ रह कर मेहनत मजदूरी करती है अंजू देवी का देवर नाइ उर्फ छोटू से कुछ रुपयों के लेन देन का विवाद चल रहा है। बुधवार कीरात भी इसी विवाद को लेकर देवर भाभी के बीच झगड़ा हुआ । इससे नाराज अंजू देवी ने घर में रखी चूहा मारने वाली दवा निगल लिया उसने अपनी दोनों बेटियों को जहर दे दिया।कुछ देर बाद तीनों की हालत बिगड़ी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो तीनों को इलाज के लिए स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी हरीश तिवारी ने बताया कि महिला व उसकी बेटियों की हालत खतरे से बाहर है, इलाज कराया जा रहा है आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है,तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर अग्रिम करवाई की जाएगी।

# अपराधियों से मधुर संबंध रखने वाला सिपाही निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाने में तैनात सिपाही आशीष कुशवाहा को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि सिपाही के संबंध अपराधियों से थे और भ्रष्टाचार में सिपाही लिप्त था थाने में अपराधियों को संरक्षण देकर पुलिस विभाग की मुखबिरी सिपाही कर रहा था भ्रष्टाचार में शामिल यह सिपाही पुलिस विभाग की गोपनीयता अपराधियों तक पहुंचाता था इस बात की चर्चा जान-जान के बीच होने लगी थी जैसे ही मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को लगी उन्होंने सिपाही के कारनामे की जांच क्षेत्राधिकारी चायल को सौंप दी सिपाही के कारनामे की सीओ चायल से जांच कराई गई तो 18 फरवरी को सीओ चायल ने सिपाही के खिलाफ जांच रिपोर्ट एसपी को सौंपी जांच रिपोर्ट में सीओ ने बताया कि पूर्व में कोखराज थाने में आशीष कुशवाहा सिपाही तैनात था जहां अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों से सिपाही के संबंध थे थाना स्तर पर भी सिपाही अपराधियों को संरक्षण देता था थाने की गोपनीय बात को सिपाही लीक करता था जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सिपाही के कारनामे से विभाग की छवि धूमिल हो रही थी और जनता में पुलिस विभाग के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो रहा था पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे कृत्य पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में गंभीर अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है जिसके चलते आशीष कुशवाहा सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

## गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम में 02 लोग हुए जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ.अमित पाल ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 3(3) के अन्तर्गत कुल 02 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिए है। जिला बदर होने वालों में- उमाशंकर लोध पुत्र मोहन लोध निवासी ग्राम-रामपुर मडूकी थाना-मंझनपुर को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार रेहान उल्ला पुत्र सुलाम उर्फ गुलाम गौस निवासी ग्राम-अमीनपुर संवरो थाना-करारी को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया।

# विकलांग परीक्षार्थी को गोद में उठाकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में एक विकलांग परीक्षार्थी चलने में असमर्थ था परीक्षा केंद्र पहुंचने में उसे दिक्कत हो रही थी जिस पर पुलिस कर्मियों ने उसे गोद में उठाकर बोर्ड परीक्षा केंद्र के अंदर तक पहुंचा दिया मामला सिराथू क्षेत्र के बोर्ड परीक्षा केंद्र शहजादपुर का है पुलिस कर्मियों के सराहनीय कार्य पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सम्मानित किया है उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के दौरान एक दिव्यांग परीक्षार्थी को शारीरिक असुविधा के कारण गोद में उठाकर परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा गुरुवार को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है



## पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुना

कौशांबी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी पुलिस कार्यालय में पहुंचे आमजन के समस्याओं की सुनवाई की गई इस दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को उन्होंने सुना एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित,विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए शिकायत और समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानेदार कोतवाल और क्षेत्राधिकारी से भी ऑनलाइन संवाद किया और शिकायतों का समय सीमा से अंदर निस्तारण करने का उन्होंने निर्देश दिया

## डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार हुआ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर चौराहे के पास बुधवार की शाम को बाजार से लौट रहे बाइक सवार मनोज चौहान पुत्र चौधरी चौहान अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकरा गया है जिससे वह सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके में पहुंची थाना पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

## बोरिंग के नाम पर धोखाधड़ी आईजी के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी रामनाथ ने पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज को बताया कि मैं अपने खेत हिनौता मे प्राइवेट बोरिंग करवाने के लिए भैयालाल पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गढ़वा पुरवा थाना महेवाघाट को 300 फिट बोरिंग करने और विद्युतीकरण के लिए 4 लाख 30 हजार रुपए दे दिया भैया लाल ने 300 फिट के स्थान पर मात्र 220 फिट बोरिंग करवाया और विद्युतीकरण के लिए अलग से रकम मांग रहा है अधूरा काम छोड़कर चला गया मेरे साथ फ्राड करके उक्त धनराशि की ठगी कर ली मामले की शिकायत आईजी प्रयागराज से हुई और ठगी करने वाले के विरुद्ध आईजी प्रयागराज के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## निर्माणाधीन साइबर थाने का स्थलीय निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** कस्बा मंझनपुर के नेता नगर में निर्माणाधीन साइबर थाने का पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता,प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी उन्होंने संबंधित ठेकेदारों से ली तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन साइबर थाने का उन्होंने बारीकी से सूक्ष्म निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि साइबर थाने के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए वरना ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी

## सम्पादकीय

### एआई समिट नयी चुनौतियां

**सोमवार** 16 फरवरी से नयी दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की शुरूआत हुई, जो 20 फरवरी तक चलेगी। एआई पर यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें कम से कम 20 देशों के राष्ट्रप्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 40 से ज्यादा बड़े सीईओ हिस्सा लेने आ रहे हैं। गूगल के सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के डेरियो अमोडी, माइक्रोसॉफ्ट के ब्रैड स्मिथ, एडोब के शांतनु नारायण जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा भी इसमें शामिल हो रहे हैं।

इन तमाम बड़ी हस्तियों की एक साथ एक बैनर के नीचे उपस्थिति यह बता रही है कि दुनिया ने एक बड़े बदलाव की तरफ कदम बढ़ा लिया है, जो ऊपरी तौर पर केवल तकनीकी से जुड़ा नजर आता है, लेकिन असल में इसका असर जिंदगी के हर हिस्से पर पड़ना शुरू हो चुका है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब हर क्षेत्र में दिखाई देने लगी है। विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यापार हर जगह अब एआई का सहयोग लिया जा रहा है। दशकों तक भू राजनैतिक आकलन बंद दरवाजों के पीछे विदेशी राजनयिकों और जांच एजेंसियों के भरोसे होता रहा, क्योंकि सरकारी दस्तावेज और अंदरूनी खबरों तक इन्हीं की पहुंच होती थी। थिंक टैंक्स, रिस्क एनालिस्ट्स (जोखिम विश्लेषकों) या मीडिया के आकलन सब राजनयिकों और जांच एजेंसियों के सूत्रों पर निर्भर होते थे। लेकिन अब एआई ने यह परिदृश्य भी बदल दिया है। अब एआई की मदद से विभिन्न देशों में लिए जा रहे फैसलों, सेटेलाइट छवियों, आयात-निर्यात, पूंजी का प्रवाह, मीडिया में चलाई जा रही खबरों सब पर निगाह रखने के साथ तुरंत ही उसका विश्लेषण भी किया जा रहा है। नतीजा ये है कि एक देश के हालात का असर दूसरे देश पर पड़ने में पहले जितना वक्त लगता था, अब वो कुछ पलों में सिमट चुका है। ऐसे महत्वपूर्ण समय परिदृश्य में भारत में इस एआई समिट के होने के खास मायने हैं, क्योंकि दुनिया इसे ग्लोबल साउथ की बढ़ती ताकत के नजरिए से देख रही है। औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश तीसरी दुनिया कहलाते रहे हैं, अब एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका के ऐसे तमाम देश ग्लोबल साउथ का हिस्सा कहलाते हैं। ग्लोबल साउथ एक भौगोलिक शब्द न होकर भू-राजनीतिक और आर्थिक धारणा है। एआई समिट का भारत में होना तीसरी दुनिया के उन तमाम देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, जिनके डेटा तक वैश्विक शक्तियों की पहुंच है। इन देशों के राजनैतिक, आर्थिक फैसलों पर वैश्विक शक्तियां इसी डेटा की मदद से प्रभाव डालती हैं। और इसमें एआई की मदद ली जाती है। ऐसे में इस समिट के दौरान कुछ बड़े सवाल सामने आ रहे हैं, जैसे क्या भारत बड़ी वैश्विक शक्तियों के सामने अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए आवाज उठा सकेगा, क्योंकि राहुल गांधी ने संसद में और बाद में भी एआई के खतरों और संभावनाओं दोनों को खुल कर सरकार के सामने रखा है। राहुल ने कहा, एआई क्रांति आ गई है, जो खतरे और मौके दोनों लेकर आ रही है। आईटी और सर्विसेज सेक्टर, हमारी अर्थव्यवस्था का चमकता सितारा है वो खतरे में है। अगर हम आने वाले तूफान के लिए तैयार नहीं हुए तो हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोफेशनल अपनी रोजी-रोटी खो देंगे लेकिन हमारे पास मौके भी हैं।

# छत्रपति शिवाजी की अमर विरासत और आधुनिक भारत की दिशा

-: ललित गर्ग:-

**19 फरवरी** भारत के इतिहास का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब हम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हैं। यह केवल एक जन्मतिथि का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उस अद्भुत अध्याय का उत्सव है, जिसने पराधीनता के अंधकार में स्वराज्य का दीप प्रज्वलित किया। सत्रहवीं शताब्दी में जब भारत का बड़ा भूभाग मुगल सत्ता, विशेषतः औरंगजेब के कठोर शासन के अधीन था, तब सह्याद्रि की पर्वतमालाओं से एक युवा योद्धा ने यह उद्घोष किया कि ह्लहिंदवी स्वराज्यह्व केवल स्वप्न नहीं, बल्कि संकल्प है-और उस संकल्प को साकार कर दिखाया। शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग पर हुआ। उनका नाम भगवान शिव पर नहीं, बल्कि देवी शिवई के नाम पर रखा गया-यह तथ्य ही बताता है कि उनके जीवन की प्रेरणा शक्ति और साहस की आराधना में निहित थी। उनकी माता जीजाबाई ने उन्हें रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, नीति और राष्ट्रधर्म का संस्कार दिया। दादाजी कोंडदेव के मार्गदर्शन में उन्होंने शास्त्र और शस्त्र दोनों का संतुलित ज्ञान प्राप्त किया। यही संतुलन आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता बना-वे केवल तलवार के धनी नहीं, बल्कि नीति और दूरदर्शिता के भी अद्वितीय उदाहरण थे। शिवाजी महाराज का सबसे बड़ा योगदान हिंदू साम्राज्य की स्थापना है, जिसे उन्होंने ह्लहिंदवी स्वराज्यह्व कहा। यह किसी एक संप्रदाय का राज्य नहीं था, बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक था। उन्होंने छोटे-छोटे किलों से शुरूआत कर एक संगठित मराठा शक्ति का निर्माण किया। तोरणा, रायगढ़, प्रतापगढ़ जैसे दुर्ग केवल पत्थरों की संरचनाएँ नहीं थे, बल्कि स्वराज्य के प्रहरी थे। गुरिल्ला युद्धकला में उनकी दक्षता अद्भुत थी। मुगल सेनापति उन्हें ह्लपहाड़ी चूहाह्व कहकर उपहास करना चाहते थे, परंतु वही रणनीति मुगलों की सबसे बड़ी कमजोरी बन गई। वे भूगोल को अपनी शक्ति में बदलने की कला जानते थे-तेजी से आक्रमण, अचानक प्रहार और सुरक्षित वापसी उनकी युद्धनीति का आधार था।

उनकी वीरता का शिखर तब दिखाई देता है जब उन्होंने औरंगजेब की विशाल साम्राज्यवादी शक्ति को खुली चुनौती दी। आगरा में बंदी बनाए जाने के बाद उनका साहसिक पलायन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मुगल सत्ता के अहंकार पर करारा प्रहार था। इसके पश्चात उन्होंने 1674 में रायगढ़ में विधिवत राज्याभिषेक कर स्वयं को ह्लछत्रपतिह्व घोषित किया। यह घटना केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक पुनर्स्थापन का भी प्रतीक थी-सदियों बाद किसी हिंदू राजा का वैदिक विधि से राज्याभिषेक हुआ था।

शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था भी उतनी ही प्रभावशाली थी जितनी उनकी युद्धनीति। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना की, जिसमें विभिन्न विभागों के मंत्री नियुक्त थे। प्रशासन में पारदर्शिता, न्याय और जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई। भूमि राजस्व व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया ताकि किसानों पर अत्याचार न हो। महिलाओं के सम्मान की रक्षा उनके शासन का मूल सिद्धांत था-युद्ध में पकड़ी गई महिलाओं को सम्मानपूर्वक उनके घर भेजने की परंपरा उन्होंने स्थापित की। धार्मिक सहिष्णुता उनके शासन की आधारशिला थी, उनकी सेना और प्रशासन में मुस्लिम अधिकारी भी महत्वपूर्ण पदों पर थे। उन्होंने किसी भी मस्जिद या पूजा स्थल को क्षति पहुँचाने की अनुमति नहीं दी। इस प्रकार उनका हिंदू स्वराज्य संकीर्ण नहीं,



बल्कि उदार और समावेशी था।

शिवाजी महाराज भारत के उन शुरूआती शासकों में थे जिन्होंने समुद्री शक्ति के महत्व को समझा। उन्होंने एक सशक्त नौसेना का निर्माण किया और कोंकण तट की सुरक्षा सुनिश्चित की। विदेशी आक्रमणकारियों-विशेषतः पुर्तगालियों और सिद्धियोंकृके विरुद्ध यह रणनीति अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई। यह दूरदर्शिता दशार्ती है कि वे केवल तत्कालीन संघर्षों तक सीमित नहीं थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी भांपने की क्षमता रखते थे।

भारतीय संस्कृति और अस्मिता के लिए उनका त्याग अतुलनीय है। उन्होंने विलासिता का जीवन त्यागकर कठिन संघर्ष का मार्ग चुना। निरंतर युद्ध, षड्यंत्र और चुनौतियों के बीच भी उन्होंने राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि स्वराज्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान का भी प्रश्न है। उन्होंने जनमानस में यह विश्वास जगाया कि विदेशी सत्ता अजेय नहीं है और संगठित प्रयास से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है।

आधुनिक संदर्भ में यदि हम इस विरासत को देखें, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज के भारत में शिवाजी के आदर्श कितने प्रासंगिक हैं। वर्तमान समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहा है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सुशासन की अवधारणाएँ पुनः केंद्र में हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सशक्त रक्षा नीति और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर विशेष बल दिया है। यहाँ तुलनात्मक विवेचना की जा सकती है, यद्यपि दोनों युगों की परिस्थितियाँ भिन्न हैं। शिवाजी महाराज ने स्वदेशी सैन्य शक्ति पर भरोसा किया और स्थानीय संसाधनों के माध्यम से साम्राज्य खड़ा किया। आधुनिक भारत में आत्मनिर्भर भारत अभियान उसी भावना का आधुनिक रूप प्रतीत होता है, जहाँ रक्षा उत्पादन और आर्थिक सशक्तिकरण पर बल दिया जा रहा है। शिवाजी ने किलों और नौसेना के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, आज भारत आधुनिक तकनीक और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। शिवाजी का प्रशासन जनकल्याण और पारदर्शिता पर आधारित थाय समकालीन शासन में डिजिटल पारदर्शिता, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और भ्रष्टाचार-नियंत्रण की पहलें उसी आदर्श की झलक देती हैं। सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दृष्टि से भी समानता देखी जा सकती है। शिवाजी महाराज ने हिंदू परंपराओं और प्रतीकों को पुनर्स्थापित कर जनमानस में आत्मगौरव जगाया। आज भी भारत में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, तीर्थस्थलों के विकास और ऐतिहासिक विरासत के पुनरोद्धार पर बल दिया जा रहा है। अंतर केवल इतना है कि शिवाजी का संघर्ष प्रत्यक्ष सैन्य टकराव का था, जबकि आधुनिक भारत का संघर्ष वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक संतुलन का है। फिर भी, तुलनात्मक विवेचना करते समय यह स्मरण रखना चाहिए कि शिवाजी महाराज का युग पूर्णतः भिन्न राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियों में था। वे एक उभरते हुए स्वराज्य के संस्थापक थे, आज का भारत एक स्थापित लोकतांत्रिक गणराज्य है। अतः समानताओं को प्रेरणा के रूप में देखना चाहिए, न कि पूर्ण समानता के रूप में। शिवाजी की सबसे बड़ी सीख है-साहस, संगठन, दूरदर्शिता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना। यही मूल्य किसी भी युग में प्रासंगिक रहते हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि राष्ट्र निर्माण केवल तलवार से नहीं, बल्कि नीति, नैतिकता और जनविश्वास से होता है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि नेतृत्व दृढ़ हो तो असंभव भी संभव हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने आचरण और राष्ट्रीय जीवन में उतारें। भारतीय अस्मिता का अर्थ किसी के प्रति द्वेष नहीं, बल्कि अपने स्वत्व का सम्मान है-और यही संदेश शिवाजी महाराज के जीवन से हमें मिलता है। उनकी 394वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम संकल्प लें कि स्वराज्य की उस भावना को, जिसे उन्होंने सह्याद्रि की घाटियों से जगाया था, हम आधुनिक भारत की प्रगति और वैश्विक नेतृत्व में रूपांतरित करेंगे।

# वंदे मातरम से प्रेम या समावेशी राष्ट्रीय आंदोलन से नफरत

राजेंद्र शर्मा

**राष्ट्रीय** आंदोलन के इतिहास की इसी कुव्याख्या को आगे बढ़ाने के लिए, आगे चलकर सत्ताधारी पार्टी और उसके सहयोगियों ने संसद के पिछले शीतकालीन सत्र पर, बाकी सभी विषयों से पहले वंदे मातरम पर विस्तृत विशेष बहस थोपी, जिसमें संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय आंदोलन की अपनी सांप्रदायिक दुर्व्याख्या और भी विस्तार से पेश करने का मौका मिल गया।

यह अगर संयोग भी हो तो भी बहुत ही अर्थपूर्ण संयोग है। ठीक उस समय, जब अमरीका के विदेश सचिव, मार्क रूबियो एक कथित अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा कान्फ्रेंस में योरप का, ट्रम्प की अगुआई में वैश्विक दक्षिण के उपनिवेशीकरण का प्रोजेक्ट पुनर्जीवित करने के लिए भावपूर्ण आह्वान कर रहे थे, ताकि दुनिया भर में साम्राज्यवाद की धाक को लौटाया जा सके। ठीक तभी भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा की सरकार, भारत की आजादी की लड़ाई के हासिलों को पलटने के अपने प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर पर, स्वतंत्रता के संघर्ष से जुड़े, स्वतंत्र भारत के प्रतीकों को औपचारिक रूप से पलटने के सिलसिले की शुरूआत कर रही थी। हम बात कर रहे हैं, राष्ट्र गीत "वंदे मातरम्द" के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ताजा निदेशों की, जिन्हें इसी 6 फरवरी को मंत्रालय के वैबसाइट पर अपडेट किया गया है। यह सवाल किया जा सकता है कि क्यों नहीं इन निदेशों को, डेढ़ सौ वीं सालगिरह पर उस "वंदे मातरम" को सम्मान देना ही माना जाए, जिसे स्वतंत्रता के बाद भारत की संविधान सभा ने, 'भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में एक ऐतिहासिक भूमिका अदा करने' के लिए, राष्ट्र गान के रूप में स्वीकार किए गए "जन गण मन" के 'बराबर सम्मान देने' और बराबर का दर्जा देने का निर्णय लिया था? गृह मंत्रालय के ताजा निर्णय में ऐसा क्या है जिसे राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े और स्वतंत्र भारत द्वारा स्वीकार किए गए राष्ट्रीय चिन्हों के साथ छेड़-छाड़ कहा जा सकता है? अमित शाह के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बिना किसी बहस या चर्चा के अचानक थोपे गए इस फैसले के कम से कम दो पहलू ऐसे हैं, जो आदर करने के नाम पर वंदे मातरम को, राष्ट्र गान "जन गण मन" के अनादर का हथियार बनाए जाने की गवाही देते हैं। प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र गान का अनादर किए जाने का साक्ष्य तो, नये निदेशों का यह प्रावधान ही है कि जब भी राष्ट्र गान और राष्ट्र गीत दोनों गाए जाने हों, "वंदे मातरम" ही पहले गाया/ बजाया जाएगा, जबकि "जन गण मन" बाद में गाया/ बजाया जाएगा। इसे इन्हीं निदेशों के दूसरे हिस्सों से जोड़कर देखें, जहां 26 जनवरी तथा 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय ध्वजारोहण के मौकों से लेकर, केंद्र तथा राज्यों के स्तर पर लगभग सभी सरकारी समारोहों में "वंदे मातरम" के गाए/ बजाए जाने को अनिवार्य किया गया है, सभी सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्र गीत का राष्ट्र




गान के ऊपर रखा जाना बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है।

और बात सिर्फ सरकारी समारोहों तक ही सीमित नहीं रहती है। गृह मंत्रालय के इन निदेशों में जिस तरह से स्कूलों में दैनिक प्रार्थना में "वंदे मातरम" को अपनाए जाने का इशारा किया गया है, उसके बाद हैरानी की बात नहीं होगी हम कि वर्तमान सत्ताधारी आरएसएस विचार परिवार के बढ़ावे के सहारे, इसे कम से कम सरकारी/ गैर-सरकारी स्कूलों के स्तर पर, "वंदे मातरम" से जन गण मन को पूरी तरह से प्रतिस्थापित ही किया जाता देखें। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश, कम से कम भाजपा-शासित राज्यों में सहज ही शिक्षा तंत्र के लिए आदेश बन जाएंगे और "वंदे मातरम" को गले लगाने के लिए, जन गण मन को बाहर का दरवाजा दिखा दिया जाएगा। याद रहे कि यह तो शुरूआत है। आगे बात, राष्ट्र गान को व्यवहार में प्रतिस्थापित करने के बाद, औपचारिक रूप से प्रतिस्थापित किए जाने तक जाएगी। और जन गण मन से तो शुरूआत होगी, एक-एक कर सभी राष्ट्रीय चिन्हों की बारी आएगी। और अंततः संविधान के ही पलटे जाने की। वास्तव में "वंदे मातरम" का सम्मान बहाल करने के नाम पर, राष्ट्र गान पर ही हमला करने की मोदी सरकार की नीयत का कुछ अंदाजा तो तभी लग गया था, जब मोदी मंत्रिमंडल ने अचानक राष्ट्र गीत, "वंदे मातरम्द" की डेढ़ सौवीं सालगिरह का वर्ष देश भर में जोर-शोर पालन करने का एलान किया था। इसके चंद रोज बाद, 7 नवंबर 2025 को राजधानी में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में इन आयोजनों का उद्द्घाटन करते हुए अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी ने यह स्पष्टद कर दिया कि इस वर्ष के पालन का मकसद, राष्ट्रीय आंदोलन की मुख्यधारा के, जिसका नेतृत्व कांग्रेस करती थी, आशयों, मंतव्यों तथा चिंताओं के सांप्रदायिक विकृतीकरण को आगे बढ़ाना और राष्ट्रीय आंदोलन की समावेशी सवार्नुमति की दुर्व्याख्या करना था। हैरानी की बात नहीं थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ कांग्रेस के 1937 के अधिवेशन के "वंदे मातरम" के पहले दो अंतरे कांग्रेस के सभी आयोजनों में गाए जाने के निर्णय को अल्पसंख्यक-तुष्टीकरण का सबूत बना दिया बल्कि इस निर्णय को देश के विभाजन की नींव डालने वाला भी बना दिया। राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास की इसी कुव्याख्या को आगे बढ़ाने के लिए, आगे चलकर सत्ताधारी पार्टी और उसके सहयोगियों ने संसद के पिछले शीतकालीन सत्र पर, बाकी सभी विषयों से पहले वंदे मातरम पर विस्तृत विशेष बहस थोपी, जिसमें संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय आंदोलन की अपनी सांप्रदायिक दुर्व्याख्या और भी विस्तार से पेश करने का मौका मिल गया। इसके बाद, 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड में एक प्रकार से, सरकारी आयोजन में जन गण मन के मुकाबले वंदे मातरम्द को बढ़कर महत्व दिए जाने की शुरूआत करते हुए, कम से कम तीन झांकियों में वंदे मातरम्द का महत्व दशार्ने के बाद, एक प्रकार से सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा पेश की गयी समापन झांकी में वंदे मातरम की विशाल और भव्य प्रस्तुति के नाम पर, एक रीमिक्स आधारित, लंबी संगीत-नृत्य प्रस्तुति भी की गयी। और बाद में परेड की बेहतर झांकी और बेहतरीन प्रस्तुति के दोनों पुरस्कार भी, वंदे मातरम को ही दे दिए गए। उसके बाद, वंदे मातरम को राष्ट्र गान के ऊपर रखे जाने की गृह मंत्रालय की घोषणा, एक ही कदम दूर रह जाती थी। वंदे मातरम के संबंध में केंद्रीय गृहमंत्रालय द्वारा बनाए गए नियमों का दूसरा, उसे राष्ट्र गान से ऊपर रखे जाने के जितना ही महत्वपूर्ण पहलू, सरकारी कार्यक्रमों में इसके सभी छः बंद गाए/ बजाए जाने का प्रावधान है। याद रहे कि राष्ट्र गीत के रूप में पूरा गीत गवाए/ बजाए जाने का आग्रह इसके बावजूद है कि इसमें लगने वाला मानक समय 3 मिनट 10 सैकेंड का है, जो न सिर्फ एक मिनट से कम से हमारे राष्ट्र गान से साढ़े तीन गुना ज्यादा है बल्कि सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति के लिहाज से अनुपातहीन तरीके से बड़ा हो जाता है। लेकिन, जैसाकि हमने पीछे इशारा किया, इस गीत के राष्ट्रीय आंदोलन में तथा उसका अनुसरण करते हुए, स्वतंत्रता के बाद संविधान में स्वीकार किए गए, पहले दो अंतरों तक सीमित स्वरूप के विरोध में ही तो, संघ-भाजपा के वंदे मातरम प्रेम का प्राण है। वर्ना सचाई यह है कि एक राष्ट्रीय पुकार के रूप में वंदे मातरम की सारी महत्ता के बावजूद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने न तो 1925 में अपनी स्थापना के समय वंदे मातरम को अपनी शुरूआती मराठी प्रार्थना पर वरीयता देने लायक समझा था और न बाद में अपनी वर्तमान प्रार्थना, "नमस्ते सदा वत्सले मातृ भूमे" को अपनाते समय, उसे अपनाने लायक समझा था।

संघ-भाजपा का वंदे मातरम प्रेम सिर्फ इसीलिए है कि राष्ट्रीय आंदोलन की समावेशी प्रकृति ने, मुस्लिम अल्पसंख्यकों की दुविधाओं तथा धर्मनिरपेक्ष विचार के लोगों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय धारा की अभिव्यक्ति के रूप में इस गीत के पहले दो बंदों को ही अपनाया था। और संघ-भाजपा, जो राष्ट्रीय आंदोलन की इस मुख्यधारा के विपरीत, उस दौर की विभाजनकारी बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक धारा के वारिस हैं, वंदे मातरम संबंधी उक्त सवार्नुमति को पलटने के जरिए, उसे सांप्रदायिक धारा को वर्तमान में आगे बढ़ाने का हथियार बनाना चाहते हैं। हैरानी की बात नहीं है कि उक्त निर्णय राष्ट्रीय आंदोलन के कमोबेश समूचे शीर्ष नेतृत्व का था, जिसमें खुद रवींद्र नाथ टैगोर की आवाज सबसे महत्वपूर्ण थी। नेहरू पर हमले के बहाने, वे वास्तव में इस राष्ट्रीय सवार्नुमति को ही पलटना चाहते हैं। पूरा वंदे मातरम गाने/ गवाने का आग्रह, इसी का सांप्रदायिक औजार है। यह एक राष्ट्रीय पुकार के रूप में वंदे मातरम के प्रेम से ठीक उल्टा है। और यह भी मोदी-शाह निजाम के चरित्र के अनुरूप ही है कि वह एक प्रकार से चोरी-छिपे, राष्ट्र गान की जगह पर, वंदे मातरम को बैठाने की कोशिश कर रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित ऐसा महत्वपूर्ण बदलाव, गृह मंत्रालय द्वारा गुपचुप तरीके से नियमों की अपडेटिंग के नाम पर किया गया है। और जाहिर है कि यह इसके बावजूद किया जा रहा है कि राष्ट्र गान और राष्ट्र गीत की दो गीतों की व्यवस्था स्वीकार करते हुए भी, राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा को इसमें कोई दुविधा नहीं थी कि जन गण मन ही राष्ट्र गान है और राष्ट्र गीत के रूप में वंदे मातरम को उसके बराबर ही सम्मान दिया जाना था। जो मिसाल के तौर पर संसद का सत्र शुरू होने या राष्ट्रपति के अभिभाषण आदि के आरंभ में राष्ट्र गान तथा समापन पर राष्ट्र गीत, दोनों के ही स्वीकृत संपादित रूपों के गायन/ वादन के रूप में अब तक भी किया जा रहा था। लेकिन, भाजपा राष्ट्र गान के तौर पर, वंदे मातरम को ही गवाना चाहती और वह भी पूरा, क्योंकि यह समावेशी राष्ट्रवाद का निषेध करता है और बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाता है। पर यह सब चोर दरवाजे से किया जाना है; संविधान सभा के फैसले को महज एक नौकरशाहीपूर्ण आदेश के जरिए बदला जाना है, जैसे संविधान की धारा-370 को निरस्त करने में किया गया था।

## रामराजी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की अंशिका सोनी ने जी मैंस में लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । जिले** की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका सोनी ने नीट जेईई मेंस की परीक्षा में 96 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अंशिका इसी वर्ष रामराजी बालिका इंटर कॉलेज से पास आउट हुई हैं।अंशिका का सपना इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का है। उन्होंने बताया कि इस सफलता के पीछे उनकी रोजाना लगभग 10 घंटे की मेहनत और घर पर नियमित सेल्फ स्टडी का बड़ा योगदान रहा। कठिन विषयों को समझने के लिए




उन्होंने निरंतर अभ्यास और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया।अपनी उपलब्धि का श्रेय अंशिका ने अपने विद्यालय, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने अंशिका को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर रोली श्रीवास्तव, नमिता सहित अन्य शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भी अंशिका को शुभकामनाएं दीं। अंशिका की इस सफलता से विद्यालय परिवार और पूरे सुल्तानपुर जिले में खुशी का माहौल है।

## खेल से खिला आत्मविश्वास,हेलो चैंप्स स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। सीताकुंड** स्थित हेलो चैंप्स स्कूल में कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए खो-खो टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह एवं नरसिंह नाथ सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ.पवन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है,बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी बढ़ती है।प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को कोच अर्जुन यादव द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।मैदान में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती और रणनीति से दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्या साक्षी श्रीवास्तव,उप-प्रधानाचार्या देवांशी



रचिता सहित शिक्षकगण वैशाली तिवारी,सोनाली शर्मा,नेहा गुप्ता एवं अंकुर मिश्रा मौजूद रहे।अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## इंजीनियर राज किशोर सिंह बने डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के जनपद अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर।डिप्लोमा** इंजीनियर्स संघ ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की जनपद शाखा के चुनाव में इंजीनियर राज किशोर सिंह को जनपद अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया।

वहीं इंजीनियर जितेन्द्र मोहन शर्मा जनपद सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर विनोद कुमार मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुई।विकास भवन स्थित संघ भवन में आयोजित मासिक बैठक के दौरान कार्यकारिणी के पुनर्गठन का कार्यक्रम भी हुआ। बैठक में




सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके तहत इंजीनियर शिवम त्रिपाठी को जनपद उपाध्यक्ष, इंजीनियर दीपशिखा चौरसिया को जनपद वित्त सचिव तथा इंजीनियर आकाश कुमार श्रीवास्तव को जनपद संयुक्त सचिव चुना गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महासचिव इंजीनियर अरुण प्रताप सिंह एवं मंडल सचिव इंजीनियर मनीष पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ लाठीचार्ज के खिलाफ कचहरी पार्क में कांग्रेस की हुंकार

- कांग्रेस का लोकतांत्रिक प्रतिरोध प्रदर्शन
- तानाशाही के खिलाफ जोरदार धरना

## दोषी पुलिस पर कार्रवाई की मांग



**चित्रकूट। उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कचहरी पार्क में कांग्रेसियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद सरकार की नीतियों और हालिया लाठीचार्ज के विरोध में आवाज बुलंद की गई। जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि मनरेगा, महंगाई, बेरोजगारी, शंकराचार्य जी के अपमान और अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़े जाने जैसे मुद्दों पर विधानसभा घेराव के दौरान लखनऊ में पुलिस द्वारा जिस तरह कांग्रेस कार्यकताओं और महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया, वह लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। उन्होंने बताया कि इस घटना में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित कई नेता घायल हुए, जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है और दोषी पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करती है। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि संविधान ने शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार दिया है, लेकिन जुल्मी सरकार आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है और सड़क से लेकर सदन तक सरकार की गलत नीतियों का विरोध जारी रहेगा। धरने में जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, विजय मणि त्रिपाठी, सविता पाल, यमुना शुक्ला, राजेश सिंह ओम प्रकाश गुप्ता, रामकृपाल वर्मा मनधीर बर्मा, अगुनू भाई, देवनारायण साहू, बच्चा लाल, जय चंद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया।

# चित्रकूट अस्पताल में खुला किलकारी प्ले जोन, केनरा बैंक ने सजाया नन्हों का सपना संसार

### डीएम की अनूठी पहल




**चित्रकूट। जिले** के संयुक्त जिला चिकित्सालय में गुरुवार को उस वक्त खुशियों की किलकारियां गूंज उठीं, जब केनरा बैंक ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विकसित किलकारी किड्स प्ले जोन का शुभारंभ कराया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं प्रयागराज से आए मंडल प्रबंधक अनुराग मिश्रा ने फीता काटकर इस अनूठी पहल की शुरूआत की। ओपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे और वैक्सीनेशन के लिए रोजाना सैकड़ों अभिभावकों के साथ आने वाले बच्चों को अब इलाज की प्रतीक्षा के दौरान खेलने, सीखने और मानसिक सुकून का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ शैलेंद्र कुमार सहित बैंक व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बच्चों ने रंग-बिरंगे खिलौनों के बीच उत्साह से झूमते हुए इस पहल का स्वागत किया। इसी अवसर पर प्रथम तल स्थित लेबर रूम के सामने शिशु आहार सलाह केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सर्पदंश से दिवंगत महिला के परिजन को 2 लाख रुपए का क्लेम चेक सौंपा गया। जिलाधिकारी ने स्वच्छता व व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए इस प्ले जोन को अस्पताल प्रशासन को विधिवत हैंडओवर कराने को कहा।

# यादव जी की लव स्टोरी- पर बवाल, कर्वी में रिलीज रोकने की उठी मांग



- राष्ट्रपति तक भेजी गई गुहार
- सोशल मीडिया से सड़क तक गूंजा विरोध

**चित्रकूट। जनपद** कर्वी में एक प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर सामाजिक हलचल तेज हो गई है। यूट्यूबर मृदुल तिवारी और उनकी बहन प्रगति तिवारी द्वारा निर्मित बताई जा रही इस फिल्म पर धार्मिक एवं जातीय भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाते हुए यादव समाज के प्रतिनिधियों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। आरोप है कि फिल्म में लड़की को यादव जाति और युवक को मुस्लिम धर्म का दिखाकर सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने की कोशिश की गई है, जिससे समाज में आक्रोश और तनाव की स्थिति बन सकती है। इसी संदर्भ में सत्येन्द्र यादव (बनकट), विभूवन यादव, सत्यम यादव (प्रवक्ता) समेत अनेक समाजजनों ने उपजिलाधिकारी कर्वी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर फिल्म की रिलीज पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान माहौल में ऐसी प्रस्तुति सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को ठेस पहुंचा सकती है। कर्वी में यह मुद्दा अब केवल एक फिल्म का नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और संवेदनशीलता की कसौटी बनता नजर आ रहा है। प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री नहीं तो योजनाएं बंद- सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया जागरूकता अभियान

- 168914 में से 110481 ही रजिस्टर्ड
- पीएम किसान की किस्त पर संकट
- 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

**चित्रकूट। शासन** स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद में फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज करते हुए 19 फरवरी को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रत्येक विकासखण्ड के लिए एक-एक, कुल पांच प्रचार वाहन तैनात किए गए हैं, जो 19 से 28 फरवरी तक गांव-गांव पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व और उससे जुड़ी शासकीय योजनाओं की जानकारी देंगे। सीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन किसानों ने अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई है, उनकी पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त रुक सकती है। इतना ही नहीं, भविष्य में उर्वरक, बीज और कृषि यंत्र जैसे




संसाधन भी उन्हीं किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे जिनकी फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होगी। जनपद में कुल 1,68,914 किसानों के सापेक्ष अब तक मात्र 1,10,481 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जो प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। किसानों को आधार कार्ड, आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर और खेत की खतौनी के साथ जनसेवा केंद्र, कृषि विभाग के कर्मियों, पंचायत सहायकों या राजस्व लेखपाल के माध्यम से रजिस्ट्री कराने की अपील की गई है। ग्राम स्तर पर विशेष कैम्प भी लगाए जा रहे हैं। इस दौरान उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र व जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.डी. विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम की सख्ती से मऊ में टूटा कब्जे का जाल, जनता को मिली राहत

### अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर प्रशासन ने लौटाया जनता का हक

**मऊ/चित्रकूट। नगर** पंचायत वार्ड नंबर 14 स्थित एकलव्य नगर मैदान में वर्षों से बंद पड़े रास्ते पर आखिरकार प्रशासन का बुलडोजर चला और जनता को राहत की सांस मिली। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) राम ऋषि रमन ने लेखपाल और पुलिस बल के साथ मौके पर



पहुंचकर हालात का जायजा लिया और जेसीबी मशीन से अवैध कब्जों को हटवाते हुए नया रास्ता खुलवाया। इस मार्ग को लेकर लंबे समय से स्थानीय नागरिक लिखित शिकायतें कर रहे थे, लेकिन समाधान नहीं निकल पा रहा था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने स्वयं कार्रवाई का नेतृत्व किया। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और अवरोधों से भर जाता था, जिससे बीमार, बुजुर्ग और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

सभासद अनिल कुमार ने भी कई बार इस मुद्दे को अधिकारियों के समक्ष उठाया था, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने निर्माण कार्य में सहयोग दिया। एसडीएम राम ऋषि रमन की लगातार अवैध कब्जों के खिलाफ चल रही मुहिम से नगरवासियों में भरोसा जगा है और विकास की राह अब सचमुच खुलती दिखाई दे रही है।

# स्वच्छ ग्राम से सशक्त लोकतंत्र तक- एनएसएस शिविर ने जगाई जनचेतना की मशाल




**चित्रकूट। जगद्गुरु** रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस 19 फरवरी को ग्राम रानीपुर भट्ट में स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता की ऐसी अलख जगी कि पूरा गांव जनचेतना के रंग में रंग गया। प्राथमिक विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के प्रातः सत्र में कार्यक्रम अधिकारी जीतेंद्र प्रताप सिंह ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सजग मन ही समाज सेवा की असली ताकत है। इसके बाद स्वयंसेवकों ने स्वच्छ ग्राम-स्वस्थ ग्राम और जागरूक मतदाता-सशक्त लोकतंत्र के नारों के साथ रैली निकालकर घर-घर संवाद किया तथा प्रत्यक्ष सफाई अभियान चलाया। डॉ दलीप कुमार, ओम प्रकाश और डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी ने युवाओं को सेवा, अनुशासन और जिम्मेदार मतदान का संदेश दिया।

द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि पंकज अग्रवाल सहित विशिष्ट अतिथियों ने युवाओं में नेतृत्व, मानसिक सुदृढ़ता और सामाजिक उत्तरदायित्व को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। यह शिविर गांव में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत पहल बनकर उभरा है।

# सीतापुर में न्याय-प्रशासन का संगम, हर पीड़ित वर्ग के लिए खुलेंगे समाधान के द्वार



**चित्रकूट। जिले** में न्याय और प्रशासन का ऐतिहासिक संगम एक नई उम्मीद की पटकथा लिखने जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट इला चौधरी द्वारा भगवानदीन सिंह विधि महाविद्यालय रगौली कर्वी के सहयोग से 22 फरवरी को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में एक विशाल जनहितकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां हर वर्ग के नागरिकों को उनके मूल अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ा जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति, मानव तस्करी से पीड़ित, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांगजन, कुष्ठ रोगी, खानाबदोश, सामूहिक आपदा और जातीय हिंसा से प्रभावित लोगों की ज्वलंत समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

आधार कार्ड संशोधन से लेकर औद्योगिक आपदा और किशोर अपराधियों के पुनर्वास तक, हर मुद्दे पर प्रशासन और न्यायपालिका संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इससे पूर्व सचिव द्वारा जिला कारागार चित्रकूट का औचक निरीक्षण कर निरुद्ध बंदियों के बीच विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया, विशेषकर उन कैदियों से संवाद किया गया जिनकी जमानत हो चुकी है पर रिहाई शेष है। 70 वर्ष से अधिक आयु के बंदियों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए शासन एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। यह पहल चित्रकूट में न्याय को दरवाजे तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास मानी जा रही है।

# बिना ब्याज पांच लाख ऋण- युवा उद्यमियों के लिए सरकार का सबसे बड़ा दांव

**चित्रकूट। जिले** में युवाओं के लिए स्वावलंबन का सुनहरा दौर शुरू हो चुका है। उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 21 से 40 वर्ष आयु के कम से कम आठवीं पास युवाओं को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए जनपद को 1200 का लक्ष्य मिला है, जबकि मात्र नौ माह में 1927 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और 942 युवाओं को ऋण वितरित भी किया जा चुका है।

खास बात यह है कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और ऑनलाइन है, यहां तक कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी पोर्टल पर मुफ्त तैयार हो सकती है। मिनी राइस मिल, दोना-पत्तल, टेंट हाउस, बेकरी, दुग्ध उत्पाद जैसे उद्योगों के लिए एमएसएमई.यूपी.गव.इन व सीएमयुवा.ओआरजी.इन पर आवेदन किए जा सकते हैं। 22 फरवरी को रामायण मेला परिसर, सीतापुर चित्रकूट में मेगा क्रेडिट कैम्प आयोजित होगा, जहां युवा सीधे पंजीकरण कर योजना का लाभ उठा सकेंगे।

# नोटिस, तैयारी और संकल्प- 14 मार्च की लोक अदालत में न्याय के नए अध्याय की शुरूआत

**चित्रकूट। जिले** में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए बुधवार 19 फरवरी को निर्णायक रणनीति बनाई गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में चतुर्थ चरण की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि इस बार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि अधिकतम वादों का प्रभावी निस्तारण प्राथमिक लक्ष्य होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक वसूली, विद्युत एवं जल विवाद, सेवा, पारिवारिक, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, किरायेदारी, सिविल, मनी वसूली, ई-चालान, श्रम व प्री-लिटिगेशन मामलों सहित उपभोक्ता व आर्बिट्रेशन वादों को चिन्हित कर समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संभावित वादों में पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामील कराकर लोक अदालत में लाने का हरसंभव प्रयास करें। बैठक में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी राममणि पाठक, एसीजेएम वर्णिका शुक्ला समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में कहा- 14 मार्च को चित्रकूट में न्याय की गति दोगुनी होगी और विवादों को विराम मिलेगा।

# नानाजी की 16वीं पुण्यतिथि पर चित्रकूट में स्वावलंबन और समरसता का महाआयोजन, पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय मंथन

**चित्रकूट। भारत** रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर चित्रकूट एक बार फिर राष्ट्रनिर्माण के संकल्पों का केंद्र बनने जा रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा 25 से 27 फरवरी तक दीनदयाल परिसर में श्रद्धांजलि समारोह, भंडारा प्रसाद और राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत, स्वावलम्बी भारत, समरस भारत, समर्थ भारत, स्वाभिमानी भारत विषयों पर आधारित यह त्रिदिवसीय आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि विचार और कर्म का संगम होगा। 25 फरवरी को छात्र शक्ति द्वारा नानाजी स्मृति विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिससे पूरे नगर में राष्ट्रभावना का वातावरण बनेगा। इसके साथ



ही लोहिया, जेपी, अंबेडकर और विवेकानंद सभागारों में महिलाओं की आत्मनिर्भरता में ग्रामीण रोजगार की भूमिका, कृषि में परंपरागत ज्ञान और आधुनिक नवाचार का समन्वय, तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता, कृषक उत्पादक संगठनों की भूमिका तथा उत्तम पशुधन प्रबंधन जैसे विषयों पर देशभर से आए विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। 27 फरवरी को 500 से अधिक ग्रामवासियों, विभिन्न संस्थाओं और विचार परिवार से जुड़े लोगों की सहभागिता में भंडारा प्रसाद एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। आयोजन को जनभागीदारी का स्वरूप देने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर एक मुट्ठी अनाज और एक रुपया सहयोग अभियान चला रहे हैं। राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने इसे नानाजी के स्वावलंबी चित्रकूट के स्वप्न को आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक अवसर बताया। बैठक में डॉ भरत मिश्रा पूर्व कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, साधना पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत चित्रकूट, विनीता शिवहरे मंडल अध्यक्ष भाजपा चित्रकूट, प्रबल श्रीवास्तव पूर्व मण्डल अध्यक्ष, एसडीओपी चित्रकूट, थाना प्रभारी चित्रकूट, अंकित सोनी सीएमओ, श्रीमती दिव्या त्रिपाठी एवं नगर के गणमान्य नागरिक तथा सभी प्रकल्प के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लंदन में पाकिस्तान की फिर फजीहत, सिंधी एक्टिविस्ट लोहार की हत्या पर लगे गंभीर आरोप



**पाकिस्तान**

**सिंधी** कार्यकर्ता हिदायतुल्ला लोहार की हत्या के दो साल पूरे होने पर, सिंधी प्रवासी समुदाय के सदस्य लंदन में उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने और जवाबदेही की मांग को दोहराने के लिए एकत्रित हुए, साथ ही उन्होंने मामले को लेकर पाकिस्तान के रवैये की कड़ी आलोचना की। जेएसएफएम ने कहा कि यह स्मृति कार्यक्रम जेय सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) के नेताओं और समर्थकों के साथ-साथ वॉयस फॉर मिसिंग पर्सन्स ऑफ सिंध के यूरोप चैप्टर के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित किया गया था। उपस्थित लोगों ने लोहार की तस्वीर के सामने मोमबत्तियां जलाईं और फूल चढ़ाए, उन्हें सिंध में जबरन गायब किए जाने के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक बताया। समारोह की शुरूआत सिंधी राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद एक मिनट का मौन रखा गया। जेएसएफएम अध्यक्ष सोहेल अब्रो, प्रवक्ता मंसूर अहमद हब, सारंग सिंधी, सईद सिंधी, मोहम्मद ओसामा सूमरो और ताहिर खान सहित कई राजनीतिक और मानवाधिकार कार्यकताओं ने सभा को संबोधित किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि लोहार की हत्या 16 फरवरी, 2024 को सिंध के नासिराबाद स्थित एक सार्वजनिक बाजार में कर दी गई थी। उन्होंने दावा किया कि यह हत्या सरकारी एजेंसियों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा की गई थी और इस बात पर निराशा व्यक्त की कि संदिग्धों की पहचान होने के बावजूद अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों के अनुसार, लोहार को 2017 में जबरन गायब कर दिया गया था और लगभग दो साल हिरासत में रहने के बाद उन्हें रिहा किया गया था। उन्होंने कहा कि रिहाई के बाद भी उन्हें लगातार धमकियों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था।

कार्यकताओं ने तर्क दिया कि इन दबावों के कारण ही अंततः उनकी हत्या हुई। प्रतिभागियों ने सिंध में मानवाधिकारों के व्यापक उल्लंघन के मुद्दे पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जबरन गायब किए जाने और कथित गैर-न्यायिक हत्याएं अभी भी एक गंभीर चिंता का विषय हैं, और कई परिवार अपने लापता प्रियजनों के बारे में जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इस सभा ने एमनेस्टी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक मानवाधिकार संगठनों से पाकिस्तान पर पारदर्शी जांच के लिए दबाव डालने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

# परमाणु डील पर झुका ईरान? खामनेई ने ट्रंप को दे दिया अब कौन सा नया ऑफर?



**अमेरिका**

**ईरान** अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर अब झुकने को तैयार हो गया। हालांकि उसने कहा है कि इसके लिए अमेरिका को पहले प्रतिबंधों में ढील देनी होगी। अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंधों की बौछार की हुई है। हालांकि दोनों देशों ने ओमान की मध्यस्था में इनडायरेक्ट बातचीत जरूर की है। लेकिन अमेरिका और ईरान अब स्विट्जरलैंड में भी मिलने वाले हैं और ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर जो संकेत दिए हैं कि वो कुछ कदम पीछे हटा सकता है। ईरानी उप विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने भी कह दिया है कि उनका देश अमेरिका के साथ परमाणु समझौता करने के लिए उस पर विचार करने के लिए तैयार है। बशर्ते वाशिंगटन बैन हटाने पर चर्चा करने को तैयार हो जाए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका ईरान परमाणु समझौता तोड़ दिया था और इसके बाद उन्होंने ईरान के खिलाफ कई कड़े प्रतिबंध लगाए थे।

अमेरिका ने पिछले साल ही ईरान पर परमाणु सुविधाओं पर जबरदस्त बमबारी की और इस समय अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ईरान के पास जबरदस्त नजदीक से घेरा डाले हुए हैं। दरअसल एक इंटरव्यू में माजिद ने यह कह दिया कि अब जिम्मेदारी अमेरिका की है। उन्होंने कहा कि यह साबित करना है कि वह समझौता करना चाहते हैं। अब यह बात ईरान ने जाहिर करके गेंद अमेरिका के पाले में डाल दी है। अगर वह ईमानदार हैं तो मुझे यकीन है कि हम एक समझौते की राह पर जरूर आगे बढ़ेंगे। ईरान का यह बयान दोनों देशों के बीच जारी कूटनीतिक खींचतान के बीच में आया है। अमेरिका और ईरान ने इस महीने ओमान की मध्यस्था में ही इनडायरेक्ट बातचीत शुरू की।

दोनों देशों के वातार्कार जिनेवा में एक बार फिर मिलकर के इसी विषय पर बातचीत आगे बढ़ाएंगे।

# पुतिन के एक ऐलान से भारत में 1 लाख से भी नीचे चला जाएगा सोना! कई देशों में हड़कंप



**अमेरिका**

**भारत** और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के बाद अचानक कुछ ऐसा होने जा रहा है जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। रूस ने पूरी दुनिया को चौंकाते हुए अमेरिका को एक ऐसा ऑफर दिया है जिससे भारत और दुनिया में अचानक सोना सस्ता होना शुरू हो गया है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि रूस की वजह से 10 ग्राम सोना 1 लाख के नीचे तक पहुंच सकता है। इस होश उड़ा देने वाली कहानी को पीएम मोदी ने पहले से ही भांप लिया था। जिसका फायदा आने वाले दिनों में भारत को मिलना तय है। हालांकि यह खबर चीन को हिलाकर रख देगी। दरअसल खबर है कि रूस जल्द ही व्यापार के लिए दोबारा अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल शुरू कर सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस यूक्रेन युद्ध के खत्म होने के बाद रूस ने अमेरिका के साथ एक बड़ी डील करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। आपको बता दें कि 2022 में यूक्रेन जंग की शुरूआत के बाद रूस को ग्लोबल पेमेंट सिस्टम र६ा३ से बाहर निकाल दिया गया था। जिसके बाद रूस ने अपनी इकॉनमी को डॉलर से मुक्त करने के लिए चीन के युवान और भारतीय रुपए का सहारा भी लिया था। लेकिन इससे रूस को बहुत ज्यादा फायदा नहीं मिला। रूस के लिए ऐसी नाजुक स्थिति में चीन ने बहुत बड़ा खेल करना शुरू कर दिया। चीन ने रूस पर डॉलर को पूरी तरह से बंद करने का दबाव बनाया जिसे डीडोलराइजेशन कहा गया था। हालांकि भारत ने कभी भी खुलकर डीडोलराइजेशन का समर्थन नहीं किया था। मगर अब पुतिन को समझ आ गया है कि अगर भारत यूरोप और दुनिया के बाकी देशों के साथ व्यापार करना है तो फिलहाल डॉलर पर लौटना ही पड़ेगा।

इसीलिए रूस अपने रुख में एक ऐतिहासिक यू टर्न ले रहा है। भारत अमेरिका डील के बाद अब रूस और अमेरिका के बीच एक संभावित समझौते पर बातचीत चल रही है। इस संभावित समझौते के तहत रूस और अमेरिका फॉसिल फ्यूल, न्यूक्लियर एनर्जी, नेचुरल गैस, तेल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पार्टनरशिप करेंगे। यह सब कुछ इसलिए किया जा रहा है कि दुनिया के दो सबसे बड़े एनर्जी प्रोड्यूसर्स देश यानी अमेरिका और रूस को कंपटीटर की जगह पार्टनर बनाया जाए। अब आप सोचिए कि भारत अगर चीन की तरह किसी एक को चुनता तो भारत को कितना बड़ा नुकसान होता। भारत ने जबरदस्त कूटनीति दिखाते हुए रूस के साथ भी व्यापार किया।

# अमेरिका ने दागा ऐसा हथियार, उड़ गई खामेनेई की नींद!



**ईरान**

**रमजान** से पहले ही अब ईरान के आसमान में कयामत मंडरा रही है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका के फाइटर्स ने ईरान को चारों तरफ से घेर लिया है। ईरान के सामने अब करो या मरो के अलावा कोई और चारा नहीं बचा है। पहले ऋ15 और अब अमेरिका की तरफ से खतरनाक ऋ35 की भी तैनाती कर दी गई है। मिडिल ईस्ट से आई तस्वीरों में 24 अमेरिकी ऋ-15 दिखाई दे रहे हैं। इनमें 12 ऋ35अ देखे जा सकते हैं। और 12 अ10उ की तैनाती भी दिखाई दे रही। पहले कतर का अल उदैद एयरबेस और अब मुफाक साल्टी एयरबेस। अमेरिका ने कतर के अल उदैद और जॉर्डन के मुफाक साल्टी में अपनी जंगी बेड़ों की तैनाती कर दी है। तैयारी ऐसे वक्त में चल रही है जब दोनों तरफ से डील की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि अमेरिकी गृह मंत्री मार्क रूबियो ने यह संकेत दिए हैं कि अब डील नहीं सीधे रण होगा। क्योंकि ईरान ने समझौते के सभी रास्ते बंद कर दिए। खबरों के मुताबिक अमेरिका के पास 300 से ज्यादा ऋ35 विमान हैं। जिनमें से 35 विमान उसने मिडिल ईस्ट की तरफ मोड़ दिए। इसका इस्तेमाल लंबी दूरी के गुप्त ठिकानों को टारगेट करने के लिए किया जाता है। इसका डिजाइन ऐसा है कि यह रडार को भी चकमा दे सकता है। साथ ही यह सेंसर फ्यूजन टेक्नोलॉजी से भी लेस है। इस जेट में बीवीआर हथियार लगे हैं जो मटियार जैसी खतरनाक मिसाइलों को आसानी से निपटा सकते हैं।

# पाकिस्तान में बगावत, मुनीर-शहबाज की उलटी गिनती शुरू!



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** में नई तबाही का ट्रेलर। इमरान के तूफान में उड़ जाएगा जब मुनीर का अंधा कानून पाकिस्तान में बगावत। पाकिस्तान का पंजाब सूबा सुलग रहा है। इमरान समर्थक आवाम अब आर या पार के मूड में है। मुनीर और शाहबाज की जल्लाद फौज जिस तरह इमरान को टॉर्चर कर रही है, उसने पूरे पाकिस्तान में आग लगा दी। इमरान के समर्थकों ने सड़कों को ब्लॉक कर दिया है। जिसके जवाब में मुनीर की फौज ने टैंकर और ट्रकों को तैनात कर दिया है। हालात इतने खराब है कि मुनीर सेना के हाथ पैर फूल गए। आवाम सड़कों पर है। उधर इमरान की बहनों ने मोर्चा खोल दिया।

इमरान की बहन का आरोप है कि जेल में इमरान खान को टॉर्चर किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री के साथ हर डिग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि इमरान खान की एक आंख खराब हो चुकी है।

उनकी सेहत के साथ जानबूझकर पाकिस्तान की हुकूमत खिलवाड़ कर रही है। पिछले 3 महीने से उनके फैमिली डॉक्टर भी इमरान खान से नहीं मिल पा रहे। एक तरफ इमरान की बहन गंभीर आरोप लगा रही है तो दूसरी तरफ समर्थक भी मुनीर फौज को खुलेआम ललकार रहे हैं। इमरान समर्थक मरने मिटने को तैयार हैं। पाकिस्तान में कई जगहों पर सड़कों पर आगजनी भी शुरू हो चुकी है। खबरें तो यह भी हैं कि अगर जल्द ही इमरान की रिहाई नहीं हुई तो पाकिस्तान में हालात और बिगड़ेंगे। प्रदर्शनकारियों की दो ही डिमांड है।

# तारिक रहमान के कैबिनेट मंत्रियों में कौन-कौन शामिल



**बांग्लादेश**

**देश** की राजनीतिक दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव के तहत, तारिक रहमान और सभी निर्वाचित बीएनपी सांसदों ने मंगलवार को ढाका स्थित राष्ट्रीय संसद भवन में शपथ ली। यह ऐतिहासिक समारोह 12 फरवरी को हुए 13वें संसदीय चुनावों के बाद आयोजित किया गया, जिसमें बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत से जीत हासिल की। ??राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान और उनके नवोदित मंत्रिमंडल को पद की शपथ दिलाई। लगभग 1,200 उपस्थित लोगों की विशाल अतिथि सूची को देखते हुए यह समारोह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया गया। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के 25 निर्वाचित सांसदों ने मंत्री पद की शपथ ली और 24 अन्य नवनिर्वाचित सांसदों ने राज्य मंत्री पद की शपथ ली।

रहमान की बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने 297 में से 209 सीटें जीतीं।

13वें संसदीय चुनाव में रहमान की बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने 297 में से 209 सीटें हासिल कीं, जबकि दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी को 68 सीटें मिलीं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने संसद के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। सचिवालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 13वीं जातीय संसद (जेएस) के सभी 297 नवनिर्वाचित सांसदों ने पहले संसद सदस्य (सांसद) के रूप में और फिर संवैधानिक सुधार परिषद के सदस्य के रूप में शपथ ली।

# अब रावी का पानी नहीं जाएगा पार



**पाकिस्तान**

**भीषण** गर्मी से पहले, पाकिस्तान की जल समस्या और भी गंभीर होने वाली है। ऐसे समय में जब पाकिस्तान पहले से ही सिंधु जल संधि के निलंबन से जूझ रहा है, भारत 31 मार्च तक शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने के साथ रावी नदी के अतिरिक्त जल प्रवाह को रोकने के लिए तैयार है। वर्षों से, भारतीय क्षेत्र में अपर्याप्त भंडारण सुविधाओं के कारण रावी नदी का अतिरिक्त जल पाकिस्तान तक पहुँचता था। अब अप्रैल से यह स्थिति बदलने वाली है, जिससे पाकिस्तान को मिलने वाले जल प्रवाह पर और भी दबाव पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राणा ने सोमवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य सूखाग्रस्त कठुआ और सांबा जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। राणा ने पत्रकारों से कहा, "पाकिस्तान को अतिरिक्त पानी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। इसे रोकना ही होगा।

पाकिस्तान पर इसके प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने तीखे शब्दों में जवाब दिया आपको पाकिस्तान की चिंता क्यों है? उनकी उपस्थिति नगण्य है। उन्हें अपनी ही बनाई समस्याओं में उलझने दीजिए। वर्तमान में रावी नदी का अतिरिक्त जल बिना उपयोग किए माधोपुर से होकर पाकिस्तान में बह जाता है, जो नदी के निचले हिस्से में स्थित एक देश है। राणा ने कहा कि पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच राजनीतिक उपेक्षा और खींचतान के कारण वर्षों से रुका हुआ शाहपुर कंडी बांध, "इस तरह की बबार्दी" को रोकेगा। यह घटनाक्रम केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल के उस बयान के एक सप्ताह बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि सिंधु नदी का पानी, जो वर्तमान में पाकिस्तान की ओर बह रहा है, उसे रोक दिया जाएगा और भारत के हित में इस्तेमाल किया जाएगा।

लेकिन पाकिस्तान को इस पर रोने-धोने से पहले यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि यह बांध सिंधु जल संधि के दायरे से बाहर है, क्योंकि भारत को रावी नदी पर अधिकार प्राप्त है - जो सिंधु नदी प्रणाली की तीन पूर्वी नदियों में से एक है।

विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई 1960 की संधि के अनुसार, भारत को सतलुज, ब्यास और रावी जैसी "पूर्वी नदियों" के पूरे जल का असीमित उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। वहीं, पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब जैसी "पश्चिमी नदियों" पर अधिकार दिए गए थे। हालांकि, वर्षों से पूर्वी नदियों से पाकिस्तान की ओर बहने वाला अतिरिक्त जल रुका नहीं है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत के तगड़े एक्शन ने दुनिया हिलाया, 3 तेल टैंकर्स को बीच समुंदर से खींचकर किया जब्त



**रूस**

**भारतीय** तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मुंबई के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में तेल की तस्करी के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अत्याधुनिक अभियान में तेल और तेल आधारित माल से लदे तीन विदेशी जहाजों को रोका गया और जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये जहाज कथित तौर पर रूस और ईरान जैसे संघर्षग्रस्त देशों से सस्ता तेल प्राप्त कर रहे थे और उसे समुद्र के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मोटर टैंकरों में स्थानांतरित कर रहे थे। इस तरीके से तस्कर तटीय देशों द्वारा लगाए गए करों और शुल्कों से बचते हुए भारी मुनाफा कमा रहे थे।

संदिग्ध जहाज और छिपी हुई पहचान

तीनों जहाजों, जिनकी पहचान स्टेलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया के रूप में हुई है, ने कथित तौर पर अपनी पहचान छिपाने के लिए अपने नाम और झंडे बदल लिए थे। हालांकि उनके आईएमओ नंबर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पहले प्रतिबंधित किए गए जहाजों से मेल खाते थे, ईरान की राष्ट्रीय ईरानी तेल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया।

अधिकारियों को संदेह है कि ये जहाज खुले समुद्र में अवैध तेल हस्तांतरण में शामिल थे और नियामक निगरानी से बच रहे थे।

ऑपरेशन का विवरण

5 फरवरी को, आईसीजी के जहाजों ने मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। एक विशेष बोर्डिंग टीम ने गहन निरीक्षण किया, जिसमें शामिल थे:

इलेक्ट्रॉनिक डेटा सिस्टम की जाँच

जहाज के दस्तावेजों का सत्यापन

चालक दल से पूछताछ

जाँच में तस्करी के पूरे तौर-तरीकों का खुलासा हुआ।

अत्याधुनिक निगरानी से तस्करी नेटवर्क का खुलासा

तटरक्षक बल की प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी प्रणाली ने सबसे पहले भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर संदिग्ध रूप से संचालित एक मोटर टैंकर का पता लगाया। आगे की डिजिटल जांच और डेटा विश्लेषण से समुद्र में तेल आधारित माल के अवैध परिवहन में शामिल दो और जहाजों की पहचान करने में मदद मिली।